


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 188

ग्वालियर, शनिवार, 28 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## वन-टू-वन

### बिहार में पुलिस वाले सब्जीवाले की पिटाई कर ठेला पलटा दिया

**छपरा (ए)।** बिहार के छपरा से पुलिस की गुंडागर्दी की तस्वीर सामने आई है।यहां एसपी दफ्तर के पास पुलिसकर्मी ने ठेले पर सब्जी बेचने वाले की लाठी से जमकर पिटाई लगा दी। बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी ने सब्जी विक्रता को आगे जाने से रोका था,इसके बाद दोनों के बीच बहस हो शुरु हुई, फिर पहले पुलिसकर्मी ने ठेला पलटकर सरेआम उसकी जमकर पिटाई कर दी। यह मामला गुरुवार 26 अगस्त दोपहर का है। छपरा शहर की वीआईपी सड़क समाहरणालय रोड जहां पर सारण जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित तमाम अधिकारियों के दफ्तर हैं। उस सड़क किनारे एक ठेले वाला टमाटर बेच रहा था। डयूटी पर तैनात ट्रैफिक जवान से ठेला हटाने को कहा जिस पर दोनों के बीच कुछ विवाद हो गया।इसके बाद पुलिसकर्मी ने ठेले वाले की जमकर पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ठेले वाली की पिटाई के बाद पुलिस ने थाने में ले जाकर बंद कर दिया। पुलिसकर्मी का कहना है कि सब्जी बेचने वाले लड़के ने उस पर हाथ उठाया है। पुलिस की गुंडागर्दी का यह कोई पहला मामला नहीं है। आमतौर पर पुलिस सड़क पर ठेला लगाकर अपना घर चलाने वाले गरीब लोगों के साथ इस तरह का बर्ताव करती है। पुलिसकर्मी की इस हरकत पर लोगों में गुस्से का माहौल है।

### बिग बी ने ब्लॉग में बताया कि,वे अपने घर पर पानी की समस्या को झेल रहे

**मुंबई (ए)।** महानायक अमिताभ बच्चन अक्सर अपने ब्लॉग के द्वारा कई सामाजिक बातें शेयर करते हैं। बिग बी ने हाल ही में ब्लॉग के द्वारा इसका खुलासा किया कि वे अपने घर पर पानी की समस्या को झेल रहे हैं। बच्चन ने लिखा, मेहनत लगी है और हो सकता है कल के आखिर तक कुछ हल निकले। इसका इस्तेमाल होगा, लेकिन देखते हैं, आज लेट हुआ, शरीर काफी थक गया है। इस कारण पहले की तुलना में केबीसी की शूटिंग के लिए जल्दी गया था। सुबह 6 बजे से उठा हुआ हूं, केवल घर में बंद पानी को खोजने के लिए। %%सिस्टम फिर से शुरू हो गया है। मुझे कनेक्ट होने का समय मिल रहा है। फिर काम पर जाना है, वैनिटी में तैयार होना है। ओह डियर, इतनी परेशानी। आप सभी को घरेलू मुद्दे में शामिल करने के लिए माफी चाहता हूं। लेकिन .. ठीक है ..आज का दिन थोड़ा मुश्किल भरा रहा।

### लगातार बारिश के चलते पुल टूटा, कई गाड़ियां नदी में गिरी

**देहरादून, ए।** पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते सभी नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। पहाड़ों में हुई बारिश का नतीजा और अब मैदानी क्षेत्र में भी देखने के लिए मिल रहा है। देहरादून के मुख्य मार्ग पर डोईवाला के क्षेत्र रानीपोखरी की नदियों में अचानक जलस्तर बढ़ गया जिसके चलते ऋषिकेश देहरादून हाईवे पर कई वर्षों पुराना पुल धड़ धड़ा कर गिर गया। ये पुल देहरादून ओर ऋषिकेश को आपस में जोड़ता है। इसलिए इस पुल के ऊपर लगातार वाहनों की आवाजाही रहती है। पुल के ऊपर से गुजर रही गाड़ियां भी नीचे गिरी गई। मिली सूचना के आधार पर कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। देहरादून से ऋषिकेश की ओर जा रहा एक लोडिंग वाहन का ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हुआ, 108 की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### शराब में यूरिया मिला कर बेचता था तस्कर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नोएडा (ईएमएस)। जिले की थाना फेस-3 पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब और पांच सौ ग्राम यूरिया बरामद किया है। थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि बीती रात को गश्त पर निकली थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर बहलोलपुर निवासी सत्ते यादव को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया सत्ते यादव के पास से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब तथा 500 ग्राम यूरिया बरामद किया है। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वह कच्ची शराब में यूरिया मिलाकर बेचता था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने एक सूचना के आधार पर रघुवीर सिंह को सेक्टर 122 के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस 48 पव्वा अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

# आयुर्वेद भारतीय संस्कृति की रीढ़ है: मंत्री सुश्री ठाकुर



### भोपाल और बघीरा जंगल रिसोर्ट में वेलनेस सेंटर का शुभारंभ

**भोपाल।** पर्यटन, संस्कृति और आध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि आयुर्वेद भारतीय संस्कृति की रीढ़ है। शरीर के सभी रोगों का इलाज आयुर्वेद से संभव है। सुश्री ठाकुर ने त्रिलंगा में महाकाली सोसाइटी और बघीरा जंगल रिसोर्ट मोचा (कान्हा) में आयुर्वेद वेलनेस सेंटर के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित कर रही थी। सुश्री ठाकुर ने लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए वैदिक जीवन पद्धति और आयुर्वेद चिकित्सा को अपनाना चाहिए। पर्यटन विभाग प्रदेश के पर्यटन स्थलों और प्रमुख शहरों में वेलनेस सेंटर स्थापित करके आमजन को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का लाभ देगा और साथ ही उन्हें वैदिक जीवन पद्धति अपनाने के लिए जागरूक भी करेगा। सुश्री ठाकुर ने दीप प्रज्वलन और फीता काटकर त्रिलंगा में महाकाली परिसर में वेलनेस सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने वेलनेस सेंटर में आमजन को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।सुश्री ठाकुर ने कान्हा नेशनल पार्क के समीप स्थित बघीरा जंगल रिसोर्ट में आयुर्वेद वेलनेस सेंटर का वर्चुअल शुभारम्भ भी किया। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े। श्री शुक्ला ने कहा की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप प्रदेश में वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विकास निगम और वेलनेस तथा हेल्थकेयर सेक्टर में प्रतिष्ठित संस्थान एम. एस. रामैया ग्रुप, बेंगलुरु के सहयोग से प्रदेश में पर्यटन निगम की इकाइयों में वेलनेस सेंटर स्थापित किये जा रहे हैं। गत 19 फरवरी 2021 को पर्यटन विकास निगम और रामैया ग्रुप के बीच एम.ओ.यू. करते हुए पर्यटन विकास निगम की पचमढ़ी स्थित इकाई होटल ग्लेन व्यू में प्रदेश के पहले वेलनेस सेंटर की शुरुआत की गई है। श्री शुक्ला ने बताया कि इसी तरह पर्यटन विकास निगम की अन्य इकाईयों जैसे होटल हॉलिडे होम्स अमरकंटक, सैलानी आईलैंड रिसॉर्ट सैलानी, गांधीसागर डैम के समीप स्थित हिंगलाज रिसोर्ट (मंदसौर), व्हाइट टाइगर फॉरेस्ट लॉज (बांधवगढ़), किपलिंग्स कोर्ट (पंच) और मुख्य शहरों जैसे इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, ओरछा इत्यादि में वेलनेस सेंटर स्थापित किये जायेंगे।

प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम एस. विश्वनाथन ने बताया कि भोपाल और बघीरा रिसोर्ट के वेलनेस सेंटर पर पर्यटकों और आमजन का भारतीय आयुर्वेद उपचार पद्धति जैसे पंचकर्म, कायाकल्प और प्रमाणिक केरल आयुर्वेद उपचार पद्यति से उपचार किया जायेगा। मध्यप्रदेश पर्यटन की इकाईयों में वेलनेस सेंटर्स की स्थापना होने से निगम की इकाईयों में ठहरने वाले पर्यटकों के साथ-साथ इन पर्यटन स्थलों का भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों को भी इस सुविधा का लाभ मिलेगा। वेलनेस सेंटर पर प्रिवेंटिव थेरेपी जैसे उत्सादन, तैल परिशेक, अभ्यंग और पत्र पिंड स्वेद, पेन मैनेजमेंट थैरेपी जैसे जानू बस्ती, कती बस्ती, ग्रीवा बस्ती और स्पाइनल मसाज के साथ पंचकर्म जिसमें वामन कर्म, विरेचन कर्म, कशाया बस्ती, स्नेहा बस्ती और नास्य जैसी आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्यति का वैज्ञानिक तरीके से लाभ पर्यटकों को दिया जायेगा।

# मप्र सरकार डेढ़ साल में ले चुकी है 32 बार कर्जः कमल नाथ



### कांग्रेस अध्यक्ष ने की मप्र की आर्थिक स्थिति पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में सरकार 32 बार कर्ज ले चुकी है। मध्यप्रदेश पर कर्ज का बोझ बढ़कर दो लाख 53 हजार करोड़ रुपये हो गया है। प्रतिवर्ष कर्ज का ब्याज चुकाने में हजारों करोड़ रुपये व्यय हो रहे हैं। मप्र की आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग करते हुए कमलनाथ ने कहा ?कि सरकार न तो कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा रही है और न ही आमजन को महंगाई से राहत देने का कोई कदम उठा रही है। यह मांग कमल नाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर की है। उन्होंने पत्र में कहा कि पेट्रोल-डीजल और शराब से मिलने वाले कर से सरकार की आय में लगातार वृद्धि हो रही है पर आमजन को इसका कोई फायदा नहीं मिल रहा है। सरकार कोरोना संकट की आड़ लेकर कर्मचारी और पेंशनर के महंगाई भत्ता व राहत में वृद्धि नहीं कर रही है। महंगाई आसमान छू रही है पर आमजन को राहत देने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। अब सरकार शासकीय संपत्तियों को बेचकर राजस्व जुटाने के प्रयास कर रही है। सड़कों के हाल बेहाल है। किसानों की कर्जमाफी बंद है। स्वरोजगार योजनाओं में कोई काम नहीं हो रहा है।

# हमिदिया अस्पताल ओर भारत भवन मे आंतकी हमला, आंतकियों ने लोगों को बंधक बनाकर दागे ग्रेनेड, फैली दहशत

### एनएसजी कमांडो 11 मंजिला बिल्डिंग पर हैलिकॉप्टर के सहारे उतरे, ऑपरेशन कर बंधको को छुडाया, चार आंतकी ढेर




**भोपाल।** नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) ने शुक्रवार सुबह भोपाल के हमीदिया हॉस्पिटल और भारत भवन में मॉक ड्रिल की। इस दौरान चलाये गये ऑपरेशन मे हॉस्पिटल की 11 मंजिला बिल्डिंग में जवानों को रस्सी के सहारे ऑस्पिटल की छत पर उतारा गया। इसके बाद ऑपरेशन शुरू किया गया। करीब 45 मिनट तक मॉक ड्रिल चली और जवानों ने डमी बने बंधक मरीजों को सुरक्षित निकाल लिया। इस दौरान 4 डमी आतंकवादियों को भी मार गिराया। शुरुआत मे हॉस्पिटल की बिल्डिंग में धमाके की आवाजो और हेलीकाप्टर के आसपास मंडराने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लेकिन बाद मे जब उन्हे मॉक ड्रिल की जानकारी मिली तो उन्होने राहत की सांस ली। इससे पहले जवानों ने भारत भवन में भी मॉक ड्रिल की। जानकारी के अनुसार सुबह 7.45 बजे कमांडों वहां पहुंच गए थे। इसके बाद 8.30 बजे हमीदिया हॉस्पिटल पहुंचे। मॉक ड्रिल के चलते भारत भवन और हॉस्पिटल के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिसकर्मी लोगों को आसपास घूमने से रोक रहे थे। वहीं ट्रैफि क भी डायवर्ट कर दिया गया था। गुरुवार रात में भी आरबीआई, मंत्रालय एवं विधानसभा भवन में मॉक ड्रिल की गई थी। मॉक ड्रिल के चलते सुबह करीब साढ़े 8 बजे आतंकवादियों ने हमीदिया अस्पताल को अपने कब्जे में ले लिया। आतंकवादियों ने मरीजों, डाक्टरों को बंधक बनाकर बम-ग्रेनेड से हमीदिया परिसर में विस्फोट हकरना शुरू कर दिया। जिससे परिसर में अफरा-तफ रा मच गई। आंतकी हमले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। हालात बिगड़ते देख एनएसजी की टीम प्लानिंग के साथ हेलीकाप्टर से अस्पताल की छत पर उतरी। इसके बाद परिसर में घुसकर एक-एक कर सभी चार आंतकियों को ढेर कर दिया।


# उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली में खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों एवं उनके कोचों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने छत्रसाल स्टेडियम में आवासीय हॉस्टल की नींव रखी। 20.92 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे पांच मंजिला इस हॉस्टल में खिलाड़ियों व उनके कोचों के लिए 64 कमरे बनाए जाएंगे। हॉस्टल 2 मैट वाले रेसलिंग हॉल, मेडिकल रूम, फिजियोथेरेपी सेंटर, जिम, स्टीम बाथ के साथ-साथ अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। हॉस्टल का निर्माण कार्य लगभग 16 महीनों में पूरा हो जाएगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि हॉस्टल बनने से खिलाड़ियों को लाभ होगा एवं वे स्टेडियम में रहते हुए ही अपने खेल व ट्रेनिंग पर ध्यान दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि छत्रसाल स्टेडियम अब तक कुश्ती में देश को 5 ओलंपिक मेडल दे चुका है। इन आधुनिक सुविधाओं, हॉस्टल और कोचिंग के साथ स्टेडियम में आगे भी देश के लिए विश्वस्तरीय पहलवानों को तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। खिलाडियों ने ट्रेनिंग के दौरान मिशन एक्सीलेंस और प्ले एंड प्रोग्रेस स्कीम के तहत मिले आर्थिक सहयोग को लेकर दिल्ली सरकार का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि, जब खिलाडी मेडल जीत कर लाने वाले खिलाडियों को सभी सम्मानित करते है, करोड़ों के इनाम देते है लेकिन जब खिलाड़ी मेडल लाने से पहले मैदान में ट्रेनिंग के दौरान पसीना बहाते है स्ट्रगल कर रहे होते है उस दौर में उनकी मदद दिल्ली सरकार करती है उन्होंने साझा किया कि जिन खिलाडियों में आगे बढ़ने की सम्भावना होती है।

# आईएम वैक्सीनेट का स्लोगन और जनसहयोग से शिवपुरी बना नबंर वनः कुं शिवानी राठौर





शिवपुरी।

वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे कोरोना वैक्सीनेशन शिविरों में आम जनता की जागरूकता के चलते वैक्सीनेशन सेंटरों पर लक्ष्य से कहीं अधिक लोगों द्वारा वैक्सीन लगवाई जा रही है। राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की स्मृति में वैक्सीनेशन शिविर संचालित करने वाली समाजसेविका कु शिवानी राठौर ने वैक्सीनेशन शिविर में शिवपुरी जिले का प्रथम स्थान आने पर समस्त शहरवासियों एवम वैक्सीनेशन शिविर संचालन में लगे सभी व्यक्तियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए बताया कि संगठनात्मक प्रयास निश्चित तौर पर हमें सफलता की ओर ले जाते हैं।शिवानी राठौर ने बताया कि महाअभियान में लोगों की भागीदारी से शिवपुरी प्रथम स्थान पर आया है। वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जी की स्मृति में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर एस. एन. वी. पब्लिक स्कूल मनियर पर आयोजित हुआ। इस शिविर का शुभारंभ एक कन्या के हाथों से पूजन कारकर किया गया। उसके बाद पहला टिका लगवाने वाली गुड्डी राठौर को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। शिवानी राठौर ने बताया कि वेक्सीन लगवाने बाले लोगों को आई एम वेक्सीनेट की सील लगाई गयी। जिससे वैक्सीन लगवाने वाले व्यक्ति





हाथ पर लगी सील को दिखाकर और अधिक लोगों को जागरूक कर सकें। राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की स्मृति में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर का निरीक्षण में एस. डी. एम. अरविंद बाजपेयी, सीएमएचओ ए. एल. शर्मा, डी. आई. ओ. संजय ऋषिस्वर, सुनील जैन, जिला परियोजना अधिकारी नीलम पटेरिया ने किया।वेक्सीनेशन शिविर को सफल बनाने बी एल ओ, आगनबड़ी कार्यकर्ता पुष्पा राठौर, शिवकुमारी खन्ना, रेणु शर्मा, अर्चना शर्मा, ममता, सहायिका मीना शाक्य, रीना शाक्य, आशा प्रियंका धानुक आदि का सहयोग रहा।

## क्योस्क संचालक से तीन माह में दूसरी लूट,आज फिर 70 हजार रूपए की लूट



करैरा। जिले के करैरा अनुविभाग के अमोला थाना क्षेत्र के अमोलपठा चौकी क्षेत्र में एक क्योस्क संचालक के साथ आज तीन माह में दूसरी बार लूट की बारदात को अंजाम दिया गया है। इस मामले की शिकायत पीडित क्योस्क संचालक ने पुलिस थाना अमोला में की। जहां पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार अमित पुत्र दामोदर लक्षकार उम्र 30 साल निवासी अमोलपठा हाल निवासी करैरा से आमोलपठा में स्थिति अपनी क्योस्क पर बाईक से जा रहा था। तभी दो बाईकर्स बदमाशों ने युवक को रोक लिया। जहां अमित से मारपीट कर उसका बैग छीनकर भाग गए। यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 10 मई को भी अमित लक्षकार को निशाना बनाते हुए लुटेरों ने 2 लाख रूपए की लूट की बारदात को अंजाम दिया था। परंतु पुलिस ने महज इस मामले में एफआईआर दर्ज कर मामले से इतिश्री तो कर ली। परंतु आज दिनांक तक लुटेरों को नहीं पकड सकी और लुटेरों ने आज फिर से इसी क्योस्क संचालक से लूट की बारदात को अंजाम दिया है। इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।



## पुलिस को चुनौती देते हुए बैराड में फिर हुई चोरी, पूरा परिवार घर में सोता रहा चोर चुरा ले गए माल

शिवपुरी। खबर जिले के बैराड थाना क्षेत्र के बरौद की है। जहां चोरों ने खुलेआम पुलिस को चुनौती देते हुए चोरी की बारदात को अंजाम दिया है। इस मामले की शिकायत पीडित ने पुलिस थाना बैराड में की। जहां पुलिस ने पीडित की शिकायत पर अज्ञात आरोपीयों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार दामौदर धाकड निवासी बरौद रोड बैराड अपने घर पर परिवार के साथ सो रहा था। गर्मी अधिक होने के घर के दरवाजे भी खुले हुए थे। तभी रात्रि में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर अलमारी में रखे सोने चांदी के जेबर सहित 1 लाख रूपए का माल पार कर दिया। लगातार बैराड में हो रही बारदातों ने पुलिस के माथे पर भी चिंता की लखीरें खींच दी है। जिसके चलते लगातार बदमाशों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। यह चोरी खुलेआम पुलिस को चुनौती के रूप में दी गई है। इससे पहले भी कुछ दिन पूर्व बीच बाजार से भी चोर बारदातों को अंजाम दे चुके है। जिसे लेकर बैराड थाना प्रभारी सतीश चौहान इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द आरोपीयों को हिरासत में लेने की बात कह रहे है।

## 17 वर्षीय किशोरी का रास्ता रोककर गंदी हरकत,50 वर्षीय महिला को पीछे से पकडा

पिछोर। जिले के पिछोर अनुविभाग के भौंती थाना क्षेत्र के ग्राम धुवाई और ग्राम पगरा से आ रही है। जहां दो अलग अलग जगहों पर महिला और एक किशोरी के साथ गांव के ही दो आरोपीयों ने छेडछाड की घटना को अंजाम दिया है। दोनों मामलों की शिकायत पीडिताओं ने पुलिस थाना भौंती में की। जहां पुलिस ने दोनों आरोपीयों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। पहला मामला ग्राम पगरा का है। जहां एक 50 वर्षीय महिला अपने घर में अकेली थी। तभी गांव का ही आरोपी उम्र 32 साल घर में घुसा और महिला को पीछे से पकडकर उसके साथ गंदी हरकत करने लगा। इस मामले की शिकायत पीडिता ने भौती थाने में की।

## खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया आज शिवपुरी में



शिवपुरी।

खेल और युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया आज शिवपुरी आएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया आज भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे सर्किट हाउस शिवपुरी पहुंचेगी। दोपहर 01 बजे मानस भवन शिवपुरी में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किश्त एवं द्वितीय किश्त वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके उपरांत शाम 5 बजे शिवपुरी से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगी।

## प्रशासन की सख्ती, अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं होटल, ढाबों के विरूद्ध कार्यवाही जारी





शिवपुरी। अवैध मदिरा बिक्री के प्रति जिला प्रशासन सख्ती से कार्यवाही कर रहा है। गत दिवस जिले के प्रभारी मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया जब शिवपुरी भ्रमण पर आए तो उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्यवाही होना चाहिए। उनके द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अवैध मदिरा के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रेताओं, होटल और ढाबों के विरूद्ध विभिन्न वृत्तों में कार्यवाही की गई है। जिला आबकारी अधिकारी वीरेंद्र धाक? ने बताया कि वृत्त पोहरी के आबकारी दल द्वारा रामप्रताप शर्मा के नेतृत्व में अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरूद्ध ग्राम परिच्छा, बेसी, अगर्रा, भावखे?ी आदि स्थलों पर दबिश कार्यवाही की जाकर 04 प्रकरण दर्ज कर किये गये। जिसमें अलग-अलग स्थानों में कुल 25 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की एवं 500 कि.ग्रा. लहॉन जप्त कर मौके पर विधिवत सेम्पल लेकर नष्ट किया गया। इस जप्ती का बाजार मूल्य लगभग 28 हजार 625 है। शुक्रवार को वृत्त शिवपुरी के आबकारी दल द्वारा तीर्थराज भारद्वाज के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विक्रेताओं के विरूद्ध नये वायपास पर स्थित कृष ढाबा, न्यू जगन होटल, धौलपुर ढाबा, कुशवाह होटल, कृष्णा होटल, सरपंच ढाबा, चाय की गुमटी आदि में दबिश कार्यवाही की जाकर 07 प्रकरण दर्ज किये गये। जिसमें अलग-अलग स्थानों में 92 पाव देशी मदिरा प्लेन, 08 लीटर. हाथ भंट्टी जप्त किये गये। जप्ती का बाजार मूल्य लगभग 9020 है। इसी प्रकार शुक्रवार को वृत्त पिछोर के आबकारी दल द्वारा संजय सिंह वर्मा के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विक्रेताओं के विरूद्ध ग्राम मनपुरा, ढला क्षेत्र में दबिश कार्यवाही की जाकर 02 प्रकरण दर्ज किये गए। जिसमें अलगं-अलग स्थानों में 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 30 पाव देशी मदिरा (उत्तर प्रदेश की निर्मित) जप्त की गई। जप्ती का बाजार मूल्य लगभग 4200 है।वृत्त करैरा के आबकारी दल द्वारा विनीत कुमार शर्मा के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विक्रेताओं के विरूद्ध ग्राम दिनारा बैसोरा, अवध ढाबा, आर्शिवाद ढाबा, यादव ढाबा, सेव?ी कंजर डेरा इत्यादि में दबिश कार्यवाही की जाकर 03 प्रकरण दर्ज किये गये। जिसमें अलग-अलग स्थानों में 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 27 पाव देशी मदिरा एवं 200 कि.ग्रा. लहॉन जप्त कर मौके पर विधिवत सेम्पल लेकर नष्ट किया गया। जप्ती का बाजार मूल्य लगभग 14545 है।

## भाई के साथ ससुराल जा रही बहन के साथ देहरदा फ्लाई ओवर पर लूट, गंभीर



शिवपुरी। खबर जिले के कोलारस अनुविभाग के लुकवासा चौकी क्षेत्र के देहरदा फ्लाई ओवर की है। जहां दो अज्ञात बाईकर्स बदमाशों ने एक महिला और उसके भाई के साथ लूट की बारदात को अंजाम देते हुए महिला के गहने सहित मोबाईल और नगदी पार कर दिया। इस हादसे में महिला बदमाशों से भिड भी गई। जिसके चलते बदमाशों ने महिला के सिर में मार दी। जिससे वह घायल हो गई और बदमाश बैग छीनकर फरार हो गए। यह बारदात नेशनल हाईवे पर दिन दहाड़े दी गई है। जिससे लुकवासा पुलिस को खुलेआम चुनौती देते हुए बदमाशों ने बारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार राजकुमारी पत्नि अभय कुमार यादव उम्र 19 साल निवासी एडवारा अपने भाई छोटे भाई रित्रक्ष यादव पुत्र पप्पू यादव उम्र 18 साल निवासी टुडयावत के साथ अपनी बाईक से मामा के यहां मानपुर से अपने गांव टुडयवात जा रही थी। तभी देहरदा फ्लाई ओवर पर डिस्क्कर बाईक पर सबार दो बदमाशों ने आगे से बाईक को रौक लिया। उसके बाद बदमाशों ने महिला के हाथ से बैग छीनने का प्रयास किया। जिससे महिला बदमाशों से भिड गई। परंतु बदमाशों ने पास ही पडा एक पत्थर महिला के सिर में मार दिया। जिससे महिला बैहोश होकर गिर गई। उसके बाद बदमाशों ने महिला के गले से मंगलसूत्र सहित बैग में रखे सोने चांदी के जेबर कीमती तीन लाख और 15 हजार नगदी सहित मोबाईल लूटकर भाग गए। इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीव्ही खंगालने में जुटी हुई है। इस हादसे में घायल महिला को पुलिस ने उपचार के लिए कोलारस अस्पताल में भेजा। जहां महिला की गंभीर हालात को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## नियमों और शर्तो को एसिड डालकर जलाया, खुले आम बिक रहा टॉयलेट क्लीनर के रूप में एसिड

**शिवपुरी।** जिले में नियम विरूद्ध एसिड की बिक्री की जा रही हैं,या यू कह लो की खुले आम एसिड की बिक्री की जा रही है। नियमानुसार एसिड को बेचने के लिए शर्तो और नियमो का पालन किया जाता हैं,लेकिन शिवपुरी जिले में इन नियमो और शर्तो को एसिड डाल की जला दिया गया हैं। शिवपुरी प्रशासन ने आज तक इस ओर कभी ध्यान नही दिया हैं। बताया जा रहा है कि बेहतर मॉनीटरिंग के अभाव में यहां बाजार में टॉयलेट क्लीनर के नाम से खुले में ही तेजाब बिक्री किया जा रहा है। लेकिन इसकी बिक्री के प्रति बरती जा रही प्रशासनिक लापरवाही हादसे का सबब बन सकती है।

**ये है मानक**

विक्रेता दुकान का नाम, पता, पंजीयन संख्या, वाणिज्य विभाग से पंजीयन की स्थिति और अपने यहां तेजाब की स्टॉक की स्थिति के बारे में एसडीएम को स्थिति अवगत करवाना होता है। साथ ही नियमों के मुताबिक विक्रेताओं को अपने यहां पंजिका रखनी होती है। जिसमें खरीदार का नाम, पता, खरीदे गए तेजाब की मात्रा, खरीदने का उद्देश्य आदि अंकित करना पड़ता है। इसके साथ ही खरीदार की पहचान प्रति भी जमा करनी होती है। 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तेजाब बिक्री पर ही रोक लगाई हुई है। विक्रेताओं अगर इन मानकों पर खरा नहीं उतरता है तो सम्बंधित एसडीएम की ओर से कार्रवाई कर स्टॉक जब्त किया जा सकता है और कम से कम पचास हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया जा सकता है।



**यहां करनी पड़ती है मॉनिटरिंग**

वैसे शिक्षण संस्थाओं, अनुसंधान, प्रयोशालाओं, अस्पतालों, शासकीय विभागों व सार्वजनिक उपक्रमों, जहां तेजाब की आवश्यकता रहती है, वहां भी स्टॉक रखने और प्रयोग करने की पूर्ण जानकारी रखनी पड़ती है। साथ ही सम्बंधित अधिकारियों की ओर से पूर्ण मॉनीटरिंग करनी पड़ती है।

**ऐसे बिक रहा है तेजाब**

जिला मुख्यालय के बाजार में टाइल्स, टब, बाथरूम, चिकनाई साफ करने के नाम पर खुली बोतलों में नमक से बना तेजाब बेचा जा रहा है। हालांकि, इसकी ज्वलनशील क्षमता कुछ कम की हुई है। लेकिन मानवीय शरीर को नुकसान पहुंचाने में इस प्रकार का तेजाब भी घातक साबित हो सकता है। इस प्रकार के तेजाब बिक्री कर रहे दुकानदारों की ओर से किसी प्रकार का कोई रिकार्ड संधारण नहीं किया जा रहा है और न ही इसके प्रति प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से गंभीरता बरती जा रही है।

**इस कारण हुई सख्ती**

दरअसल, प्रेम प्रसंग के मामलों, आपसी कहासुनी, द्वेष भावना समेत विरोधी भावना रखते हुए पूर्व में जिले में एसिड अटैक करने के पूर्व में कई मामले हो चुके हैं। व्यक्ति के चेहरे पर एसिड फेंकने से तेजी से आंख, पलकें, होंठ, नाक, कान को एसिड जला देता है। जलने वाली त्वचा मृत हो जाती है। जिससे चेहरे का स्वरूप तक बिगड़ जाता है। इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष-2013 में खुले में एसिड बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया और इसकी बिक्री के मानक तय कर दिए, लेकिन जिले में इसकी पालना अभी तक सुनिश्चित नहीं की गई है।

## माधव राष्ट्रीय उद्यान में टाईगरों को जल्द लाने मंत्री भूपेंन्द्र यादव से मिले ज्योतिरादित्य सिंधिया

शिवपुरी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय श्रम एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव जी से मुलाकात कर कूनो नेशनल पार्क में नवंबर-दिसंबर माह तक अफ्रीका से चीता लाना सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की। इसके साथ ही माधव नेशनल पार्क में टाइगर की पुनः बसाहट के सिंधिया जी के प्रस्ताव पर माननीय मंत्री जी ने इस संबंध में अधिकारी को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए, केंद्र एवं राज्य सरकार का एक दल इस प्रस्ताव के अध्ययन हेतु माधव नेशनल पार्क का दौरा कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। सिंधिया जी ने मंत्री जी से इको वाइल्डलाइफ पर्यटन को मध्य प्रदेश व देश के अन्य क्षेत्रों में विश्व के अन्य क्षेत्रों की तरह कैसे विकसित किया जाए, इस पर भी विस्तार से चर्चा की।

# खजाना निकालने के लिए शरारती तत्वों ने सैकड़ों वर्ष पुरानी तोड़ी शिवलिंग





### ग्राम पंचायत डांग पहाड़ पर छः बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, पुलिस ने दर्ज की सभी पर एफआईआर

भिण्ड। पांच बदमाशों ने खजाना निकालने के लिए सैकड़ों वर्ष पुरानी भगवान शिवलिंग की मूर्ति को छतिग्रस्त कर दिया और घटना स्थल पर टूटी हुई मुर्ति को छोड़कर भाग गये, जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी लगी तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। भगवान शिवलिंग की मूर्ति छतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में काफी आकोश पनप गया और सभी ग्रामीण एकत्रित होकर आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग करने लगे। यह वारदात गोहद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डांग पहाड़ पर घटित हुई। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डांग के पहाड़ पर स्थित सैकड़ों वर्ष पुरानी शिवलिंग गुरुवार शराती किस्म के बदमाशों ने दोपहर के तोड़ दी, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी तो शुक्रवार को घटना स्थल का मुआयना करने के लिए एसडीओपी नरेंद्र सिंह सोलंकी, थाना प्रभारी ओपी मिश्रा ने डांग पहाड़ घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और ग्रामीणों से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि टूटी हुई शिवलिंग एवं नंदी को पास ही बने मंदिर में सुरक्षित तरीके से रखवाया और पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।

### ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना

मंदिर का पुजारी फरियादी श्रीकृष्ण पुत्र हरविलास जमादार उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम डांग पहाड़ ने पुलिस को बताया गुरुवार दोपहर आरोपी प्रदीप पुत्र लटूरी जाटव उम्र 25 वर्ष, बंटी छोटेलाल उम्र 32 वर्ष, पुलंदर पत्र भरेसिंह उम्र 34 वर्ष, बिहारी जाटव पुत्र भूरेलाल उम्र 35 वर्ष, गजेन्द्र सिंह पुत्र अमरसिंह जाटव उम्र 40 वर्ष, रामलक्ष्मण पुत्र बाबूलाल जाटव निवासीगण ग्राम डॉग सरकार गोहद ने खजाना निकालने के लिए भगवान शिवलिंग की सैकड़ों वर्ष मुर्ति को छतिग्रस्त कर दिया।

### पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूला गुनाह

एसडीओपी नरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया आरोपीगणों से जब सख्ती के साथ पूछताछ की गई तो आरोपी रामलक्ष्मण जाटव द्वारा कबूल किया गया कि भगवान शिवलिंग की मूर्ति के नीचे धन घड़ा रखा होना बताया, आरोपीगणों द्वारा शिवलिंग को तोड़कर घडा निकालने के लिये गड्ढा खोदा गया लेकिन किसी तरह का धन नहीं मिला। पुलिस ने आरोपीगणों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### इनका कहना है:

ग्राम पंचायत डांग पहाड़ पर भगवान शिवलिंग की मूर्ति को छतिग्रस्त करने वाले छः आरोपियों को गिरफ्तार कर सभी पर एफआईआर दर्ज कर ली गई



# पढ़ाई के सपने दिखाकर साथ ले गया विवाहिता को बाद में दुष्कर्म कर फरार

भिण्ड। दबोह थाना क्षेत्र की एक विवाहिता से उसके गांव के ही युवक ने पढ़ाई के सपने दिखाकर अपने साथ यूपी बनारस ले गया जहां युवक ने विवाहित के साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। विवाहित ने वापस आकर परिजनों को आपबीति सुनाई। परिजनों ने विवाहिता के साथ युवक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

जानकारी के अनुसार देवरीकलां गांव की विवाहिता ने दसवीं की पढ़ाई पूरी कर ली थी विवाहित शादी के बाद पढ़ाई आगे जारी रखना चाहती, थी लेकिन युवती का पिता और ससुरालवालों पढ़ाने में रूचि नहीं दिखा रहे थे। इसलिए वो मायके के देवरी कलां में रहने वाले जनवेद बघेल के संपर्क में आई। जनवेद ने विवाहिता को आगे की पढ़ाई के सपने दिखाते हुए नजदीकियां बढ़ाने लगा। इसके बाद बहला फुसलाकर बनारस यूपी ले पहुंचा। जहां विवाहिता से कई बार दुष्कर्म किया और आरोपी भाग गया। इसके बाद विवाहिता अपने घर आई और सीधे पुलिस थाने पहुंची, जहां फरियादियों ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट लिखाई। दबोह पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# कोविड-19 की तीसरी लहर को रोकने के लिए कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सेतु बनकर जुटे : संध्या राय



भिण्ड। हमें गर्व है कि हम एक ऐसे राजनीतिक दल के सदस्य हैं जिसने समाज सेवा के नए प्रतिमान गढ़े हैं। हमारे कार्यकर्ताओं ने अपने शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कोरोना की पहली और दूसरी लहर में खुद के जीवन को खतरे में डालकर लोगों की सेवा की। उन्हें भोजन, दवाएं, राशन और यहां तक कि अस्पताल में बेड तथा ऑक्सीजन तक दिलाने के प्रयास किए। हमारे नेताओं ने जब हर बूथ को वैक्सीनेशन युक्त बनाने का आह्वान किया तो हमारे कार्यकर्ता समर्पित होकर उसमें जुट गए। अब हमें कोरोना की संभावित तीसरी लहर को रोकने और उससे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहना है। हमारी ये लड़ाई मानवता को बचाने के लिए है और हम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महामारी के खिलाफ यह लड़ाई भी जीतेंगे। वो भाजपा जो सबसे अधिक सदस्यों, सांसदों, विधायकों वाली पार्टी है, वो अब सबसे बड़ी हेल्थ फोर्स बनाएगी। यह बात भिंड ग्रामीण मंडल के स्वास्थ्य स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद संध्या राय ने कही। स्वागत भाषण में मंडल अध्यक्ष सनी सिंह कुशवाह ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की।

**31 दिसम्बर तक स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंच जाएगी 135 करोड़ वैक्सीन लगाए जाने का लक्ष्य तय**

सांसद श्रीमती राय ने कहा कि राहुल गांधी पूछते हैं कि वैक्सीन कहां है, तो मैं उन्हें यह बताना चाहती हूं कि यह नरेंद्र मोदी की सरकार है, काम करना जानती है। प्रधानमंत्री के लिए देश सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि देश में अभी तक 50 करोड़ 3 लाख से अधिक लोगों को वैक्सीनेशन हो चुका है। पहले 85 दिनों में 10 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगी और अगले 45 दिनों में फिर 10 करोड़ लोगों को वैक्सीन लग गई। इसके बाद के 29 दिनों में 10 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगी। इसके बाद के 10 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाने में 24 दिन लगे और उसके बाद 20 दिनों में 10 करोड़ वैक्सीन लगाकर हम 50 करोड़ के आकड़े तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि इस महीने सरकार ने 25 करोड़ वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा है, इसी तरह अक्टूबर से 28 करोड़, नवम्बर में 28.5 करोड़, दिसम्बर में 28.5 करोड़ वैक्सीन लगेगी। 31 दिसम्बर तक 135 करोड़ वैक्सीन स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच जायेंगे।

# कलेक्टर एवं एसपी ने बच्चों के दादा की सहमति पर बच्चो को शिशु गृह में प्रवेश कराया



### संपूर्ण व्यवस्था के दिए निर्देश

भिण्ड । जिला प्रशासन को ग्राम आमहा तहसील लहार जिला भिण्ड में एक परिवार के 5 अनाथ बच्चों के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों को उनके दादा मनिपाल की सहमति से महिला कल्याण समिति भिण्ड द्वारा संचालित शिशु गृह में प्रवेशित कराया गया है। यहाँ बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने शिशु गृह पहुँच बच्चों से मिल कर उनसे चर्चा की। साथ ही संवंधित अधिकारियों को एवं शिशु गृह संचालक को निर्देशित किया कि बच्चों की स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे।

# टेलेंट सर्च का फिजीकल टेस्ट 27 अगस्त से 5 सितम्बर तक चलेगा

### टेलेंट सर्च आयोजन का अवलोकन अपर कलेक्टर ने किया



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं कमाण्डेट 17वीं बटालियन अमित तोलानी के निर्देशन में खेल अकादमियों के लिए टेलेंट सर्च का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत जिला स्तर पर 27 अगस्त 2021 को प्रातः 9 बजे बजे से 17वीं बटालियन एसएएफ में फिजीकल टेस्ट प्रारंभ हो गया है उक्त फिजीकल टेस्ट 5 सितम्बर 2021 तक चलेगा। टेलेंट सर्च शुभारंभ अवसर पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर, रक्षित निरीक्षक श्रीमती रजनी गुर्जर, खेल अधिकारी जीवन सिंह जादौन सहित जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी भिण्ड उपस्थित थे।

टेलेंट सर्च आयोजन के अन्तर्गत 27 अगस्त को फिजीकल टेस्ट के लिए 100 खिलाडियों को एसएमएस भेजा गया था जिसमें से 67 खिलाडी फिजीकल फिटनेस हेतु उपस्थित हुए। इसीतरह 28 अगस्त 2021 से 04 सितम्बर तक प्रतिदिन 150 खिलाडियों का फिटनेस टेस्ट होगा। दिनांक 5 सितम्बर को 72 खिलाडी रहेंगे। इसके साथ ही ऑफ लाईन आवेदन में जो खिलाडी राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर पर पदक विजेता एवं संभाग में उत्कृष्ट खिलाडी है वह सम्मिलित हो सकते है। फिटनेस टेस्ट हेतु कुल 1372 खिलाडियों द्वारा विभिन्न खेलो के लिए अपने आवेदन पंजीकृत कराये है।

# तहसीलदार ने किया अनिश्चित कालीन कलमबंद हड़ताल का समर्थन



मेहगांव। तहसील मेहगांव में अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर पटवारी संघ धरने पर बैठा हैं शुक्रवार को पटवारियों के समर्थन में तहसीलदार आर एन खरे एवं नायव तहसीलदार रंजीत सिंह कुशवाह द्वारा हड़ताल स्थल पर पहुचकर पटवारियों की उचित मांगों के सम्बंध में चल रही हड़ताल का नैतिक समर्थन किया गया। इस मौके पर उत्तम नारायण शर्मा अध्यक्ष राजशेखर सिंह भदौरिया, सतेंद्र नागर, शिवकुमार, राजवीर नरवरिया, बीरेन्द्र बघेल, दीपक खरे, कुलदीप यादव, अनिल जैन, भीकम सिंह, सतीश गोयल, बचूलाल बघेल, कमलेश मांझी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीआरएम ने किया भिण्ड रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण

भिण्ड। शुक्रवार को झांसी मध्य रेलवे जोन के महाप्रबंधक आशुतोष ने भिंड रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि इटावा-भिंड-ग्वालियर लाइन पर विद्युतीकरण का कार्य पूरा होने जा रहा है। इलेक्ट्रिक लाइन का काम संभवतः दिसंबर के महीने तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद इस रूट पर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनों को दौड़ाया जा सकता है। हालांकि लाइनों का कार्य मार्च के महीने में पूरा होना था, लेकिन कोविड की वजह से कार्य को स्थगित करना पड़ा। लेकिन अब लाइनों का विद्युतीकरण तेजी से चल रहा है।

डीआरएम स्पेशल ट्रेन से भिंड के स्टेशनों का इंस्पेक्शन करने पहुंचे थे। वह मालनपुर पहुंच गए। स्टेशन का निरीक्षण कर वहां उपस्थित कर्मचारियों को दिशा निर्देश जारी किए। इसके बाद गोहद, और सोनी रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाएं देखी। सोनी में समाजसेवियों ने शिकायत की कि बारिश के दौरान पूरा शेड टपकता है। यात्रियों को बैठने तक की व्यवस्था तक नहीं है। यहां तक कि पानी के लिए स्टेशन पर हैंडपंप भी खराब पड़ा है। महाप्रबंधक ने उक्त सुविधाओं को सुद्रढ़ करने का आश्वासन दिया है।

जॉइन के बाद पहली बार आए भिंड :

रेलवे विभाग के डीआरएम आशुतोष ने 10 अगस्त को प्रभार संभाला है। उन्होंने बताया कि भिंड में इलेक्ट्रिक लाइनों का काम तेजी से चल रहा है। निरीक्षण करने और लोगों से चर्चा करने पर देखा गया कि यहां के रहवासी काफी सुलझे हुए हैं। रूट पर ट्रेनें बढ़ाए जाने के सवाल पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि यह रेलवे बोर्ड तय करता है कि किस स्टेशन पर कितनी ट्रेनें बढ़ाई जानी हैं। लेकिन भिंड से इटावा ज्वाइंट होने के बाद अब यह लाइन खुल गई है। बोर्ड को यह प्रस्ताव अवश्य भेजा जाएगा कि भिंड रेलवे स्टेशन से लंबी दूरी की ट्रेनों को दौड़ाया जाए।

रेलवे की जमीन से हटेगा कब्जा :

भिंड में पुराना रेलवे स्टेशन खंडहर हो चुका है।



इससे लगने वाली करीब 65 बीघा जमीन पर दबंगों ने कब्जा जमा लिया है। रेलवे की जमीन से कब्जा हटाने पर डीआरएम ने कहा इस संबंध में जानकारी नहीं है। जल्द ही विभागीय अधिकारियों से पूरा खाका निकलवाया जाएगा। इसके बाद तय होगा कि कहां किस जमीन पर लोगों ने कब्जा किया है। हालांकि रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग लंबे समय से चल रही है। लेकिन जितने भी अधिकारी आए, सभी ने केवल जमीन खाली कराने का भरोसा ही दिया है।

### स्टेशन पर समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

भाजपा नेता एवं रेलवे प्रयागराज जोन के सदस्य डॉ सुशील गुप्ता ने डीआरएम आशुतोष को स्टेशन के विकास को आगे बढ़ाने के लिए 10 सूत्री ज्ञापन दिया। उन्होंने भिंड पुरानी रेलवे लाइन पर संचालित गो शाला को न हटाने के लिए कहा। गुप्ता ने कहा कि भारत सरकार भिंड रेलवे स्टेशन को अपनी योजनाओं के माध्यम से जनता को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए बढ़ रही है। वहीं क्षेत्रीय सांसद संध्या राय ने भी केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र के माध्यम से नवीन गाड़ियों को भिंड रूट पर चलाने का ध्यान आकर्षित कराया, ताकि जनता एवं व्यापारियों को यात्रा करने में सुविधाएं मिल सकें।

### डीआरएम के समक्ष रखी मांगें

-50-सी क्रॉसिंग गेट अटेर के लिए जाता है वहां ओवरब्रिज बनाया जाए, क्योंकि यहां अक्सर जाम लग जाता है।

-इटावा एंड पर अक्सर पानी भर जाता है, जिसे निकालने की व्यवस्था की जाए। इसके ऊपर टीनशेड लगाने की व्यवस्था की जाए। नया स्टेशन बनाया गया है यहां पर कोई अप्रोच रोड की व्यवस्था नहीं है।

-नई बिल्डिंग के सामने बैठने एवं टीनशेड की कोई व्यवस्था नहीं है। पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। नई स्टेशन बिल्डिंग पर कोई भी स्टेशन प्रबंधक व आगंतुक के लिए कोई गेस्ट हाउस की कोई सुविधा नहीं है।

-रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ गुप्ता ने कहा आगामी दिनों में प्रयागराज जोन की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें भिंड रेलवे स्टेशन के विकास के लिए सुझाव रेलवे बोर्ड अधिकारियों के समक्ष रखूंगा, ताकि समस्याओं का समाधान शीघ्र हो सके।

# तीसरी लहर का खतरा

कोरोना की तीसरी लहर बिल्कुल लुका-छिपी के खेल जैसी हो गई है। यह आएगी, कब आएगी, आएगी भी या नहीं, सब भ्रम में है। सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार तीसरी लहर को लेकर चेतावनी दे रहे हैं। विशेषज्ञ खतरा ना के बराबर मान रहे हैं। कोरोना खुद अपना स्वरूप लगातार घटा रहा है। ऐसे में मान लिया जाना चाहिए कि खतरा लगभग टल गया है। लेकिन कुछ माह पीछे जाएं तो हालात बिल्कुल मार्च जैसे हैं। तब भी केस कम हो रहे थे और विशेषज्ञ दूसरी लहर को लेकर निश्चिंत थे। दूसरी लहर आई और हमारा दम निकाल कर चली गई। अब हालात तूफान से पहले के सन्नाटे जैसे हैं। होने को कुछ भी हो सकता है। तीसरी लहर आ भी सकती है और नहीं। सवाल यह है कि अगर यह आई तो इससे निपटने के लिए हम कितना तैयार हैं। वैक्सीन अब भी उस मात्रा में नहीं लग पाई है जो तीसरी लहर को रोकने में सक्षम हो पाती। कोरोना के मामले घट कर अब कम हो चले हैं। उपचाराधीन मामले भी घट रहे हैं। लेकिन मुश्किल यह है कि प्रतिदिन के आंकड़ों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। लगता है कि खतरा अभी टला नहीं है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि महामारी अभी गई नहीं, सिर्फ तीव्रता में कमी आई है। इसी महीने रोजाना संक्रमण आंकड़ा तीस हजार के ऊपर भी निकल चुका है। ऐसा इसलिए भी है कि केरल जैसे कुछ राज्यों में स्थिति बेकाबू तो नहीं है, पर खतरे से बाहर भी नहीं कही जा सकती। इसलिए कोरोना को लेकर अभी भी सतर्कता की बेहद जरूरत है। दरअसल कामधंधों की चिंता में देश के ज्यादातर हिस्सों में जनजीवन सामान्य करना पड़ा है। दफ्तरों से लेकर स्कूल-कालेज, बाजार, सिनेमाघर, जिम, तरणताल सब खोलने पड़े हैं। इसलिए अब अतिरिक्त सावधानी के साथ ही बढने पर जोर होना चाहिए। तीसरी लहर को लेकर विशेषज्ञ तो बार-बार चेता ही रहे हैं। मसलन हाल ही में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन की एक समिति ने भी तीसरी लहर को लेकर चेतावनी जारी की है। समिति का मानना है कि सितंबर-अक्टूबर के बीच तीसरी लहर का अंदेशा है। इस दौरान संक्रमण के रोजाना मामले तीन लाख से भी ऊपर निकल सकते हैं। यह खतरा इस पर भी निर्भर करेगा कि विषाणु का कौन सा और कितना खतरनाक स्वरूप लोगों को अपना शिकार बनाता है। गौरतलब है कि दूसरी लहर में डेल्टा स्वरूप ने कहर बरपाया। मुश्किल तो अब यह है कि हाल में संक्रमण के मामलों में तेजी उन राज्यों में देखने को मिली है जहां मई में दूसरी लहर के दौरान संक्रमण बुहत ज्यादा नहीं फैला था। अब इस वक्त सबसे ज्यादा संकट केरल में हैं, जहां रोजाना संक्रमण के मामले देश में सबसे ज्यादा आ रहे हैं। दूसरे नबंर पर महाराष्ट्र है। जबकि कोरोना से मौतों के मामले में महाराष्ट्र पहले नंबर पर और केरल दूसरे पर है। पूर्वोत्तर की ओर देखें तो मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के आंकड़े भी कम चिंता पैदा करने वाले नहीं हैं। इसलिए विशेषज्ञों का अनुमान कह रहा है कि तीसरी लहर का खतरा वहां ज्यादा है जहां पहले कोरोना के डेल्टा रूप ने कहर नहीं ढहाया। यही खतरा अब बड़ी चुनौती बन कर सामने है। भूलना नहीं चाहिए कि हम महामारी की दो लहरें झेल चुके हैं। दूसरी लहर में संक्रमण और मौतों के आंकड़े ने भारत को दुनिया के पहले दो देशों में खड़ा कर दिया था। इसलिए अगर तीसरी लहर में हालात बेकाबू होते हैं तो यह कह कर नहीं बचा सकेगा कि हमें हालात से निपटने का अंदाजा नहीं था। बेशक पहली लहर के वक्त हमें कुछ पता नहीं था, पर दूसरी लहर ने हमें काफी कुछ सिखाया। तीसरी लहर से निपटने के लिए ज्यादातर राज्य अब अस्पतालों में बिस्तरों, चिकित्सा कर्मियों से लेकर ऑक्सीजन का बंदोबस्त करने का दावा कर रहे हैं।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से दो दिन पहले मनाई जाती है हलधर षष्ठी!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

जन्माष्टमी का पर्व इस बार 30 अगस्त को मनाया जा रहा है। अष्टमी तिथि की शुरुआत 29 अगस्त को रात 11.25 बजे से होगी और इसकी समाप्ति 31 अगस्त को 01.59 बजे पर होगी। रोहिणी नक्षत्र का प्रारंभ 30 अगस्त को सुबह 06.39 बजे पर होगा और इसकी समाप्ति 31 अगस्त को सुबह 09.44 बजे होगी। पूजा का समय 30 अगस्त की रात 11.59 बजे से 12.44 बजे तक रहेगा। इस शुभमुहूर्त की कुल अवधि 45 मिनट की है।इस व्रत में अन्न ग्रहण नहीं किया जाता है। जन्माष्टमी व्रत अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के समाप्त होने के बाद तोड़ा जाता है। यदि सूर्योदय के बाद इन दोनों में से कोई भी मुहूर्त सूर्यास्त से पहले समाप्त नहीं होता तो व्रत सूर्यास्त के बाद तोड़ा जाता है। अगर इन दोनों में से कोई भी एक मुहूर्त पहले समाप्त हो जाये तो उस समय के बाद जन्माष्टमी व्रत को पूरा किया जाता है। लोग इस दिन जो व्रत रखते है उसे रात के 12 बजे श्रीकृष्ण की पूजा करने के बाद खोलते हैं। भगवान कृष्ण ने मथुरा नगरी में कंस के कारागृह में देवकी की आठवीं संतान के रूप में जन्म लिया था।

जन्माष्टमी पर बालरूप में श्रीकृष्ण की स्थापना की जाती है।वैसे मनोकामना के अनुसार जिस स्वरूप को चाहें ,श्रीकृष्ण को उस रूप में स्थापित कर सकते हैं।प्रेम और दाम्पत्य जीवन के लिए राधा कृष्ण रूप, संतान के लिए बाल श्रीकृष्ण रूप और सभी मनोकामनाओं के लिए बांसुरी के साथ श्रीकृष्ण की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठित करें।जन्माष्टमी को शंख और शालिग्राम की स्थापना भी की जा सकती हैं।श्रीकृष्ण विग्रह के श्रृंगार में फूलों का खूब प्रयोग करें। पीले रंग के वस्त्र, गोपी चन्दन और चन्दन की सुगंध से विग्रह का श्रृंगार करें। श्रंगार में काले रंग का प्रयोग कदापि न करें।वैजयंती के फूल अगर श्रीकृष्ण को अर्पित किए जाएं, जो सर्वोत्तम है।भगवान श्रीकृष्ण को पंचामृत जरूर अर्पित करें। उसमे तुलसी दल भी जरूर डालें। मेवा, माखन और मिसरी का भोग भी लगाएं। कहीं-कहीं, धनिये की पंजीरी का भोग भी लगाया जाता है। पूर्ण सात्विक भोजन जिसमें अन्न न हो श्रीकृष्ण को अर्पित किया जाता है।जन्माष्टमी पर प्रातःकाल स्नान करके व्रत व पूजा का संकल्प लें। दिन भर जलाहार या फलाहार ग्रहण करें और सात्विक रहें।मध्यरात्रि को भगवान कृष्ण की धातु की प्रतिमा को किसी पात्र में रखें।उस प्रतिमा को पहले दूध, दही, शहद, शर्करा और अंत में घी से स्नान कराएं। इसी को पंचामृत स्नान कहते हैं।

इसके बाद प्रतिमा को जल से स्नान कराएं।तत्पश्चात पीताम्बर, पुष्प और प्रसाद अर्पित करें।भगवान श्रीकृष्ण को जो भी सामग्री अर्पित करे उसे शंख में डालकर ही अर्पित करे। इसके बाद अपनी मनोकामना के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के स्तुति मंत्र का जाप करें। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से दो दिन पहले अर्थात षष्?ठी तिथि को भगवान श्रीकृष्?ण के ज्?येष्?ठ भ्राता बलराम का जन्?मोत्?सव हल षष्ठी के रूप में मनाया जाता है। इस साल हल षष्?ठी का व्रत 28 अगस्?त को है।इस माह षष्?ठी का आरंभ 27 अगस्?त की शाम 6.50 बजे से है, लेकिन हिंद पंचांग में उदया तिथि मान्?य होने की वजह से हल षष्?ठी का व्रत 28 अगस्?त को रखा गया है। यह तिथि 28 अगस्त की रात्रि 8.55 बजे तक रहेगी। इस दिन पुत्रवती माताएं और बहनें व्रत रखती हैं और अपनी संतान ही दीर्घायु की कामना करती हैं। कुछ स्थानों पर गर्भवती महिलाओं से भी यह व्रत रखवाया जाता है, ताकि उन्?हें ईश्?वर की कृपा से स्?वस्?थ और सुंदर संतान की प्राप्ति हो। हलषष्ठी व्रत में हल से जुती हुई अनाज और सब्जियों का उपभोग नहीं किया जाता। इस व्रत में वही चीजें खाई जाती हैं जो तालाब में पैदा होती हैं। हलधर बलराम की स्तुति व पूजा अर्चना से बच्चे दीर्घायु प्राप्त करते हैं।

इस एक दिन व्रत रखने से कई व्रतों का फल मिल जाता है। अगर भक्त पालने में भगवान को झुला दें, तो उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं।इस दिन श्रीकृष्ण की पूजा करने से यश, कीर्ति, पराक्रम, ऐश्वर्य, सौभाग्य, वैभव, संतान प्राप्ति, धन, सपंन्नता, आरोग्य, आयु तथा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाकर हर मनोकामना पूरी की जा सकती है।चारों तरफ से



सफलता के संदेश आने लगते हैं। भगवान श्रीकृष्ण कर्मयोगी थे। अत- कर्म क्षेत्र में मनचाही ऊंचाइयां चाहते हैं तो इस व्रत को अवश्य करें। परिवार में कलह या तनाव हो तो इस व्रत से निश्चित रूप से शांति और प्रेम का वातावरण निर्मित होता है। धन, धान्य, संपदा, समृद्धि के लिए इस व्रत से शुभ अन्य कोई व्रत नहीं है। निस्संतान दंपत्ति अगर इस दिन चांदी के कान्हा जी लाकर विधिविधान से पूजन करें तो उन्हें अवश्य ही संतान प्राप्ति का आशीष मिलता है। मनचाहा प्रेम, शादी और शादी के बाद पति-पत्नी के रिश्तों में मधुरता के लिए भी यह व्रत सर्वश्रेष्ठ है।श्रीकृष्ण को प्रेम, भक्ति और कर्मयोग का प्रेणता कहे तो गलत नही होगा।उनके जन्मोत्सव के रूप में जन्माष्टमी का पर्व बहुत ही आस्था व विश्वास के साथ मनाया जाता है। मथुरा नगरी में कंस के कारागार में देवकी की आठवीं संतान के रूप में भगवान श्रीकृष्ण भाद्रपद कृष्णपक्ष की अष्टमी को पैदा हुए थे। उनके जन्म के समय अर्धरात्रि थी, चन्द्रमा उदय हो रहा था और उस समय रोहिणी नक्षत्र भी था। इसलिए इस दिन को प्रतिवर्ष कृष्ण जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

अष्टमी पहले ही दिन आधी रात को विद्यमान हो तो जन्माष्टमी व्रत पहले दिन किया जाता है।अष्टमी दूसरे ही दिन आधी रात को व्याप्त हो तो जन्माष्टमी व्रत दूसरे दिन किया जाता है। अगर दोनों दिन अष्टमी आधी रात को व्याप्त न करे तो प्रत्येक स्थिति में जन्माष्टमी व्रत दूसरे ही दिन होगा।जबकि वैष्णवों के मत के अनुसार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अगले दिन मनाई जाती है। क्योंकि वैष्णव और स्मार्त सम्प्रदाय मत को मानने वाले लोग इस त्यौहार को अलग-अलग नियमों से मनाते हैं। वैष्णव वे लोग हैं, जिन्होंने वैष्णव संप्रदाय में बतलाए गए नियमों के अनुसार विधिवत दीक्षा ली है। ये लोग अधिकतर अपने गले में कण्ठी माला पहनते हैं और मस्तक पर विष्णुचरण का टीका लगाते हैं। इन वैष्णव लोगों के अलावा सभी लोगों को धर्मशास्त्र में स्मार्त कहा गया है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि - वे सभी लोग, जिन्होंने विधिपूर्वक वैष्णव संप्रदाय से दीक्षा नहीं ली है, स्मार्त कहलाते हैं।इस व्रत में अष्टमी के उपवास से पूजन और नवमी के पारणा से व्रत की पूर्ति होती है। इस व्रत को करने वाले को चाहिए कि व्रत से एक दिन पूर्व (सप्तमी को) हल्का तथा सात्विक भोजन करें। रात्रि को स्त्री संग से वंचित रहें और सभी ओर से अपने मन और इंद्रियों को काबू में रखें।उपवास वाले दिन प्रातः स्नानादि से निवृत होकर सभी देवताओं को नमस्कार करके पूर्व या उत्तर को मुख करके बैठें। हाथ में जल, फल और पुष्प लेकर संकल्प करके मध्यान्ह के समय काले तिलों के जल से छिड़ककर कर देवकी जी के लिए प्रसूति गृह बनाएँ। अब इस सूतिका गृह में सुन्दर बिछौना बिछाकर उस पर शुभ कलश स्थापित करें। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण को स्तनपान कराती माता देवकी की मूर्ति या सुन्दर चित्र की स्थापना करें। पूजन में देवकी, वासुदेव, बलदेव, नन्द, यशोदा और लक्ष्मी इन सबका नाम क्रमशः लेते हुए विधिवत पूजन करें।,द्वापर युग के अंत में मथुरा में उग्रसेन राजा राज्य करते थे। उग्रसेन के पुत्र का नाम कंस था। कंस ने उग्रसेन को बलपूर्वक सिंहासन से उतारकर जेल में डाल दिया और स्वयं राजा बन गया। कंस की बहन देवकी का विवाह यादव कुल में वासुदेव के साथ निश्चित हो गया। जब कंस देवकी को विदा करने के लिए रथ के साथ जा रहा था तो आकाशवाणी हुई, हे कंस! जिस देवकी को तू बड़े प्रेम से विदा कर रहा है उसका आठवाँ पुत्र तेरा संहार करेगा।

## प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार

पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे। एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए। परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दर्शाता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।

# दधिचि राष्ट्र सेवक भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष वैभव पंवार

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

सादगी, सरलता, राजनीतिक पृष्ठभूमि और आंकाओं के बिना हर मुकाम मुकम्मल करना आसान नहीं होता, लेकिन अपने जुनून के पक्के एक फक्कड़ जमीनी कार्यकर्ता ने अपनी अकाट्य कर्तव्यप्रणता और भाजपा की पंचनिष्ठा से ओतप्रोत होकर मध्यप्रदेश भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष के दायित्व से देश में सूबे का गौरव बढ़ाया। ऐसे अटल मार्गी मूलतः सिवनी जिले के छोटे से कस्बे बरघाट के ग्राम मेहरा पिपरिया में 23 अगस्त 1988 को जन्मे वैभव पंवार बीते दो बरसों से भाजपा के वैभव की जिम्मेदारी निभा रहे है। विद्यार्थी काल से ही शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और ढगते निरंकुश तंत्र खिलाफ गतिविधियों में बढ़ चढ़कर योगदान देने वाले युवा तुर्क वैभव पंवार मध्यप्रदेश में राष्ट्रवाद और सामाजिक सरोकार की अलख जगाने में मुस्तैदी से लगे हुए हैं। अभिभूत, पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं यही कहावत सार्थक रूप से चरितार्थ हो गई। जब सम्यक भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष का कुशल दायित्व निभाते हुए श्री पंवार ने 2005 से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य के तौर पर अपनी जनसेवा का शंखनाद किया। सिवनी जिले की खुशनुमा वादी के ग्रामीण अंचल में पले, बढ़े और पढ़ें गांव गलियों से वाकिफ वैभव पंवार ने क्रम में बीई इलेक्टॉनिक एण्ड कम्यूनिकेशन तथा शहरी ग्रामीण प्रबंधन व मानव संसाधन से एमबीए की शैक्षणिक योग्यता अर्जित की। इन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 2007-08 में भोपाल महानगर तकनीकी छात्र प्रमुख, 2009-10 और 2010-11 में भोपाल महानगर मंत्री, 2011-12 में भोपाल विभाग संयोजक के दायित्व की निरंतर लंबे अंतराल तक निष्ठापूर्वक जिम्मेदारी संभाली। बाद 2012 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारणी



सदस्य तथा 2013-14 में प्रदेश सह-संयोजक, सोशल मीडिया सेल में सारगर्भित भागीदारी निभाई। अवधि में वैभव पंवार ने कई बड़े आंदोलनों और विभिन्न कार्यक्रमो में बेजोड़ नेतृत्व का परचम लहराया। इनकी इसी कार्यक्षेमता और अटूट संगठन दक्षता के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने इन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेशाध्यक्ष का महत्ती उत्तरदायित्व मिला। सरोकार, ऐसे महनी साधारण परिवेश से आने वाले स्वंय सेवक को इतनी बड़ी जवाबदारी देने से निसंदेह दल के अनेकानेक कार्यकर्ताओं में यह संदेश जाएगा कि आज हम जो जन सेवा के मार्ग में आगे बढ़ रहे हैं, उसका परिणाम अवश्य सुखदायी होता है जो वैभव पंवार की जिम्मेवारी से परिलक्षित होता हैं।

स्तुत्य, मुंह में शक्कर, पैर में चक्कर और सीने में आग लिए बाल्यकाल से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से राष्ट्रवाद व सामाजिक समरसता का भाव लिए चरैवेति, चरैवेति मूलमंत्र के प्रतिपालक वैभव पंवार को भारतीय जनता पार्टी जैसे विश्व के सबसे बड़े राष्ट्रवादी राजनैतिक संगठन के महत्त्वपूर्ण अंग भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष के दायित्व का सौंपना प्रदेश के युवाओं के लिए गौरवशाली पल है। जब युवाओं के बीच का ही एक उर्जावान स्वंय सेवक संगठन और समाज के लिए समर्पण पूर्ण कार्य करते हुए अपने संघर्षो के बल पर इतने महत्वपूर्ण दायित्व को प्राप्त करता है तो कार्यकर्ताओं मे उत्साह आनंद का संचार होना स्वाभाविक है। हो भी क्यों ना अपने जीवन का क्षण-क्षण और कण-कण समर्पित करने वाले दधिचि राष्ट्र सेवक बिरले होते हैं, उनमें से एक हैं युवाजन के पथ-प्रदर्शक वैभव पंवार।

मंत्रमुग्ध, उनके साये में अनेकों तरूणों ने मां भारती के सच्चे उपासक बनकर राष्ट्र सेवा, मानव कल्याण और राजनीति का ककहरा पढ़ा। आज निष्ठावान सेवक की तरह अपना उत्तरदायित्व निभाने वाले वैभव पवार ने अपने परिश्रम, संघर्ष, समर्पण और पूर्ण कार्यशैली के चलते भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व के तौर पर तरूणों को नवराह दिखाई, उनका सम्मान सारे देश में बढाया है। जिसके लिए वे अक्षरशः प्रशंसा के पात्र हैं। निसंदेह उनकी इस कार्यकुशलता से प्रदेश के युवाओं को एक नई दिशा और एक नई उर्जा मिली है। उनके जन्मदिन पर बधाई देना भी स्वाभिमान की बात है।

# आपसी लड़ाई में उलझी राजस्थान भाजपा

### सूडोकु नवताल- 5815

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -5814 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान भाजपा में इन दिनों वर्चस्व की लड़ाई छिड़ी हुई है। प्रदेश में भाजपा का नेता कौन हो इसके लिए सभी नेता अपने आप को आगे करने में लगे हुए हैं। केंद्र में कैबिनेट मंत्री बनाए गए भूपेंद्र यादव ने जन आाशीर्वाद यात्रा निकाली। अपनी जन आाशीर्वाद यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री यादव ने राजस्थान में झुंझुनू, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अजमेर जिलों में विभिन्न स्थानों पर जनसभाएं की जिनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि राजस्थान विधानसभा का अगला चुनाव यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

हालांकि इस इस तरह की चर्चा चलते ही भूपेंद्र यादव ने खुद को नेता प्रोजेक्ट करने की बात का खंडन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बनाये गये सभी नए मंत्रियों को अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में जन आशीर्वाद यात्रा निकालने को निर्देशित किया गया था। उसी के अंतर्गत वह राजस्थान के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों से अपनी जन आाशीर्वाद यात्रा निकालकर आम जनता से संपर्क स्थापित कर रहे हैं।

यादव ने स्पष्ट कर दिया कि वह कुछ दिनों पूर्व ही केंद्र सरकार में मंत्री बनाए गए हैं। उनका इरादा केंद्र सरकार में ही काम करने का है। प्रदेश की राजनीति में उतरने का उनका कोई इरादा नहीं है। केंद्रीय मंत्री यादव की यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के अलावा प्रदेश के अन्य सभी बड़े नेता शामिल हुए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया झुंझुनू के अलावा अन्य सभी स्थानों पर



यात्रा में साथ रहे। केंद्र में मंत्री बनने के बाद भूपेंद्र यादव द्वारा निकाली गई जन आाशीर्वाद यात्रा में जुटे जन समर्थन को देखकर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का खेमा भी फिर सक्रिय हो गया है। वसुंधरा समर्थकों का प्रयास है कि वसुंधरा को ही नेता प्रोजेक्ट करवाकर उनके नेतृत्व में जनसम्पर्क अभियान चलाया जाए। मगर भाजपा आलाकमान उनकी नहीं सुन रहा है। रही सही कसर वसुंधरा के कट्टर समर्थक पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश शर्मा को अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित किए जाने के बाद राजे समर्थकों के तेवर नरम पड़ गये हैं। उन्हें अंदेशा हो गया है कि यदि उन्होंने पार्टी लाइन को पार किया तो उसका बड़ा खामियाजा वसुंधरा राजे को उठाना पड़ सकता है। राजे स्वयं भी ऐसा कोई काम नहीं करना चाहती है। जिससे पार्टी आलाकमान को उनके खिलाफ कार्रवाई करने का मौका मिल सके। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष होने के चलते सतीश पूनिया ही पार्टी को लीड कर रहें है। पूनिया संघ के करीबी माने जाते हैं। लो प्रोफाइल रहकर काम करने वाले पूनिया संगठन के विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं। प्रदेश के सभी जिलों में आम कार्यकर्ताओं तक उनकी सीधी पहुंच होने के कारण उनको कार्यकर्ताओं का पूरा समर्थन मिल रहा है।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत भी केंद्र की राजनीति के साथ ही प्रदेश में पूरे सक्रिय रहतें है। गजेंद्रसिंह शेखावत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जिले से हैं। लगातार दूसरी बार सांसद बने हैं तथा इस बार तो उन्होंने मुख्यमंत्री गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को बड़े अंतर से चुनाव हराया था। इसी के ईनाम स्वरूप उनको केंद्र में जल संसाधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वसुंधरा राजे विरोधी गजेंद्र सिंह भी संघ के करीबी है। पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व केंद्रीय नेतृत्व उनको प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाना चाहता था। मगर वसुंधरा राजे के चलते उनकी नियुक्ति रुक गई थी। राजपूत समुदाय के गजेंद्र सिंह शेखावत प्रदेश में भाजपा के नए नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी निष्पक्ष छवि के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के करीबी माने जाते हैं। इसी के चलते उनको लोकसभा अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण पद दिया गया था। जहां वो अपनी छाप छोड़ने में सफल रहे हैं। बिरला लगातार पांच चुनाव जीत चुके हैं। जिनमें तीन बार विधायक व दो बार सांसद चुना जाना शामिल है। किसी गुटबाजी में नहीं रहने के कारण बिरला सभी के चहेते हैं।

# मानवता के अपराधी हैं तालिबान

**तनवीर जाफ़री**

जब से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 11 सितंबर 2021 तक अमेरिकी सैनिकों की अफ़ग़ानिस्तान से पूरी तरह से वापसी की घोषणा की थी तभी से तालिबानी लड़ाकों के हौसले पूरी तरह से बुलंद हो चुके हैं । बल्कि यूँ कहें कि अमेरिका ने अफ़ग़ानिस्तान छोड़ने की घोषणा ही इसी लिये की थी क्योंकि वह तालिबानों द्वारा पुनः संगठित होने तथा नाटो सैनिकों,अफ़ग़ानिस्तानी सरकारी योजनाओं,हितों व नागरिकों पर उसके द्वारा लगातार किये जा रहे हमलों से घबरा चुका था। वैसे भी चूँकि अफ़ग़ानिस्तान, इराक़ कुवैत जैसा कोई तेल उत्पादक देश भी नहीं था जहाँ और लंबे समय तक रहकर अमेरिकी सैनिकों को क़ुर्बान किया जाता। ग़ौर तलब है कि अमेरिका में 9 /11 - 2001 को हुए विश्व के अब तक के सबसे बड़े आतंकी हमले के बाद तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश (द्वितीय ) ने अपने नाटो सहयोगी देशों के साथ मिलकर अफ़ग़ानिस्तान की तत्कालीन सत्तारूढ़ तालिबानी सरकार को अपदस्थ करने के उद्देश्य से हमला किया था। उस समय अमेरिका अपने मक़सद में काफ़ी हद तक कामयाब भी रहा। अलक़ायदा व तालिबान के मुख्य सरग़ना मुल्ला उमर व ओसामा बिन लादेन को अमेरिकी सेना ने काफ़ी मशक़्क़त के बाद आख़िरकार मार गिराया। लगभग डेढ़ दशक तक लगातार चले इस युद्ध में लाखों आम अफ़ग़ानी नागरिकों के साथ साथ लाखों तालिबानी लड़ाके भी मारे गये। इस बीच अमेरिकी नेतृत्व वाली नाटो सेना ने अफ़ग़ानिस्तान में चुनाव कराये ,वहां निर्वाचित सरकार गठित कराई। निर्वाचित उदारवादी व प्रगतिशील सरकार के अंतर्गत नई अफ़ग़ानी सेना का गठन किया गया तथा तालिबानों से लड़ने के लिये उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। परन्तु नाटो देशों की अफ़ग़ानिस्तान से वापसी की भनक मिलते ही मृत प्राय हो चुके तालिबानों ने स्वयं को बहुत तेज़ी से पुनर्संगठित करना शुरू किया। और अमेरिका के जाते जाते भी कई बड़े हमले कर दिये। अभी गत 5 जुलाई को जिस अंदाज़ से कथित रूप से बिना अफ़ग़ानी सेना को सूचित किये अमेरिकी सेना ने बगराम एयर बेस को ख़ाली कर चुपके से प्रातः 3 बजे अफ़ग़ानिस्तान से वापसी की राह पकड़ी उससे तालिबानों के हौसले और भी बुलंद हो गये। और उसी दिन से तालिबानी लड़ाके अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ अफ़ग़ानिस्तान की सत्ता पर बलपूर्वक क़ाबिज़ होने की दिशा में आगे बढ़ते जा रहे हैं। किसी भी समय काबुल पर भी तालिबानी नियंत्रण के समाचार मिल सकते हैं।

# हॉटस्टार की हिन्दी वेब सीरीज के साथ साउथ अभिनेत्री रेजिना कैसेंड्रा करेंगी डिजिटल डेब्यू



डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति दर्शकों का रुझान बढ़ा है। यही वजह है कि मेकर्स डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अच्छा कंटेंट लेकर आ रहे हैं। हाल में दक्षिण भारतीय फिल्मों के कई कलाकारों को हिन्दी वेब सीरीज में अपनी पहचान बनाते हुए देखा गया है। अब इस कड़ी में एक और कलाकार का नाम जुड़ गया है। खबरों की मानें तो साउथ अभिनेत्री रेजिना कैसेंड्रा डिज्नी प्लस हॉटस्टार की हिन्दी सीरीज के साथ अपना डिजिटल डेब्यू करेंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, साउथ अभिनेत्री रेजिना डिज्नी प्लस हॉटस्टार की हिन्दी सीरीज के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर सकती हैं। रेजिना ने इस प्रोजेक्ट को साइन कर लिया है। फिलहाल इस सीरीज का शीर्षक तय नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि यह एक एक्शन थ्रिलर सीरीज होगी। इस प्रोजेक्ट को कनिष्क वर्मा निर्देशित करेंगे। कनिष्क ने ही विद्युत जामवाल की आगामी एक्शन फिल्म सनक का निर्देशन किया है।

यह रेजिना का दूसरा हिन्दी प्रोजेक्ट है। इससे पहले उन्होंने 2019 में आई हिन्दी फिल्म एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म में सोनम कपूर, अनिल कपूर, राजकुमार राव और जूही चावला जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे। अभिनेत्री रेजिना को ज्यो अच्युतानंद और मानागरम जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। फैंस अभी से उन्हें इस हिन्दी सीरीज में देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं।

हॉटस्टार की इस हिन्दी सीरीज में बेफिक्रे और अजीब दास्तान से ख्याति प्राप्त कर चुके अभिनेता अरमान रल्हन दिखेंगे। वहीं, आर्या फेम मनीष चौधरी भी सीरीज में अहम भूमिका में दिखेंगे। फिल्म प्रोड्यूसर समर खान अपने जगरनॉट प्रोडक्शंस के बैनर तले इस सीरीज को प्रोड्यूस करेंगे। अगले कुछ महीनों में सीरीज की शूटिंग शुरू हो जाएगी। इस प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले कोड एम, ए मैरिड वुमन और रात बाकी है जैसे प्रोजेक्ट का निर्माण हो चुका है। सीरीज के निर्देशक कनिष्क ने प्री-प्रोडक्शन के काम को शुरू कर दिया है। खबरों की मानें तो प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए समय और लोकेशंस को बहुद जल्द फाइनल किया जा सकता है। कनिष्क ने इससे पहले इनसाइड एज का निर्देशन किया है। आने वाले दिनों में इनसाइड एज का तीसरा सीजन दस्तक दे सकता है। इनसाइड एज के बाद यह कनिष्क की दूसरी वेब सीरीज है। इनसाइड एज क्रिकेट पर आधारित एक लोकप्रिय सीरीज है।

## बीयर पीने के 5 ऐसे फायदे जो आपको हैरान कर देंगे



बीयर जौ और अंगूर को सड़ा कर तैयार की जाती है. आमतौर पर लोग इसे सेहत के लिए नुकसानदायक मानते हैं. लेकिन शोध बताते हैं कि अगर बीयर को सीमित मात्रा में लिया जाए तो इसके काफी फायदे हो सकते हैं. आवश्यकता से अधिक लेने पर ये नुकसान करती है. जानिए इसके 5 फायदे.

**तनाव दूर करती =** अल्कोहल को सेहत के लिए नुकसानदायक माना जाता है. लेकिन बीयर को लेकर तमाम शोध बताते हैं कि यदि सीमित मात्रा में बीयर ली जाए तो ये कई तरह से सेहत को लाभ पहुंचा सकती है. तनाव, घबराहट और थकान आजकल लोगों में काफी कॉमन हो गई है. कुछ शोध बताते हैं कि बीयर के सेवन से तनाव, घबारहट, और थकान की समस्या से छुटकारा मिल जाता है. लेकिन इसे 350 मिली ग्राम से ज्यादा नहीं पीना चाहिए.

**किडनी स्टोन में फायदेमंद =** तमाम लोगों का मानना है कि यदि किडनी स्टोन हो जाए तो बीयर पीने से स्टोन टूटकर यूरिन के जरिए बाहर आ जाता है. इसलिए कई लोग किडनी स्टोन के समय बीयर पीने की सलाह देते हैं. हालांकि इसके बारे में एक बार विशेषज्ञ से परामर्श लेना जरूरी है.

**स्किन के लिए अच्छी =** स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए लोग न जाने कितना पैसा खर्च कर देते हैं. लेकिन बीयर पीने मात्र से आपकी स्किन पर काफी असर पड़ जाता है. दरअसल बीयर में हॉप्स और खमीर होता है जो त्वचा को स्वस्थ तो रखने के साथ शरीर पर मौजूद जख्म को भी तेजी से भरता है।

# आलिया भट्ट ने शेयर की योग करते हुए तस्वीर



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। इस तस्वीर में आलिया योग करती नजर आ रही हैं। वायरल हो रही तस्वीर में आलिया अर्ध मत्स्येन्द्रासन मुद्रा करती नजर आ रही हैं। जहां तक आलिया की इस तस्वीर की बात करें इसमें वह अपने लिविंग रूम में बैठकर योग करती नजर आ रही हैं। आलिया ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,'ट्विस्ट एंड ग्लो।'

आलिया भट्ट इन दिनों मुंबई में अपने होम प्रोडक्शन की पहली फिल्म 'डार्लिंग्स' की शूटिंग में व्यस्त हैं। जबकि उनके बॉयफ्रेंड रणबीर कपूर दिल्ली में लव रंजन की अगली अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर के साथ श्रद्धा कपूर भी नजर आएंगी। कुछ दिन पहले आलिया भट्ट ने रणबीर को याद करते हुए उनकी स्टाइलिश ब्लैक टोपी पहनकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की थीं। आलिया ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,'जब आप उसे याद करते हैं तो आप उसका सामान चुरा लेते हैं। रणबीर और आलिया जल्द ही फिल्म 'ब्रह्मस्त्र' में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है। फिल्म में आलिया, रणबीर के अलावा अमिताभ बच्चन, डिंपल कपाड़िया, मौनी रॉय और नागार्जुन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

हाल ही में आलिया भट्ट ने संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' की शूटिंग पूरी की है। फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद आलिया ने इमोशनल कर देने वाला एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया था। आलिया ने लिखा,'हमने 8 दिसंबर 2019 को गंगूबाई की शूटिंग शुरू की थी और 2 साल बाद फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह फिल्म और सेट दो लॉकडाउन से गुजरा है। संजय लीला भंसाली सर के निर्देशन में बनी फिल्म में काम करना मेरे लिए किसी सपने से कम नहीं था। आई लव यू सर! बहुत- बहुत धन्यवाद ज सच में आप जैसा कोई नहीं है। जब कोई फिल्म खत्म होती है तो उसका एक हिस्सा खत्म हो जाता है! आज मैंने अपना एक हिस्सा खो दिया है.. गंगू आई लव यू।'

# विक्की निहलानी की दिवानी थी करीना कपूर, 13 साल की उम्र में हो गया था प्यार

अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अख़बारों से लेकर सोशल मीडिया तक सुर्ख़ियों में बनी हुई है. कभी करीना किसी फिल्म में काम करने के लिए मोटी फीस के कारण सुर्ख़ियों में थी तो अब वह अपनी किताब के कारण चर्चा का विषय बनी है. हर कोई उन्हें ट्रोल कर रहा है. उन्होंने दोनों बेटों को जन्म देने के बाद प्रेग्नेंसी और इसके बाद होने वाली समस्याओं पर एक बुक लिखी है. इस बुक के कारण ही उन्हें ट्रोल किया जा रहा है. इसी बीच करीना कपूर खान का एक पुराना इंटरव्यू भी तेज़ी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में उन्होंने पहले प्यार के बारे में बात की थी.

करीना कपूर खान ने इस इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया था कि, उनका पहला प्यार न तो शाहिद कपूर थे और न ही सैफ अली खान. उन्होंने कहा कि उन्हें सिर्फ 13 साल की उम्र में ही एक अभिनेता से प्यार हो गया था और वो ही उनका पहला सच्चा वाला इश्क था. एक्ट्रेस करीना कपूर ने बताया कि, अभिनेता विक्की निहलानी उनका पहला प्यार थे. मैं और विक्की सोलमेट थे. विक्की हमेशा मेरे साथ खड़े रहे थे. जब में सिर्फ 13 वर्ष की थी उसी समय मुझे उनसे प्यार हो गया था. वहीं मेरा पहला प्यार है. आपको बता दें कि करीना कपूर खान ने रिफ्यूजी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. यह फिल्म फ्लॉप रही लेकिन करीना कपूर का काम पसंद किया गया. उनकी यह फिल्म 1999 में



रिलीज हुई थी. जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अभिषेक बच्चन और करीना कपूर खान अहम् किरदार में थे. उन्हें धीरे-धीरे फिल्मों के ऑफर मिलने लगे और इसी दौरान वे अभिनेता शाहिद कपूर के नजदीक हो गई. करीना कपूर और शाहिद कपूर रिलेशनशिप में आए और इस बात को दोनों ने स्वीकार भी किया था.

करीना कपूर खान से सवाल किया गया कि, उन्होंने अपने फ्यूचर के लिए कोई प्लानिंग की थी तो उन्होंने कहा था कि वे उस समय फ्यूचर के बारे में नहीं सोच रही थी. क्योंकि उस समय शादी और अन्य चीजों के बारे में सोचना जल्दबाज़ी थी. मगर वे हम साथ है और अपने अपने करियर के बारे में सोच रहे है. उस समय रिपोर्ट्स की माने तो न्यूजपेपर और मैगजीन की सिर्फ यहीं हैडलाइन हुआ करती थी कि कपूर खानदान की बेटी पहलाज निहलानी के बेटे के प्यार में पूरी तरह पागल है. इसके कुछ दिनों बाद ही दोनों अलग हो गए और करीना में मीडिया से कहा कि, अब वह सिर्फ अपनी फिल्मों से प्यार करती है साथ ही कहा कि वह अगले 10 सालों तक सिर्फ फिल्मे ही करेंगी. दोनों ही स्टार्स फिल्म जब वी मेट की शूटिंग के दौरान एक ही कार से सेट पर पहुंचते थे. इसी फिल्म के दौरान दोनों के बीच दूरिया आने लगी और आखिरकार ब्रेकअप हो गया. इसके बाद करीना की जिंदगी में सैफ अली खान की एंट्री हुई. सैफ अली खान से करीना की मुलाकात टशन फिल्म के दौरान हुई थी. इतना ही नहीं दोनों लिव-इन में भी रहे है और 2012 में दोनों ने शादी कर ली. आज इस कपल के दो बेटे हैं.

करीना कपूर खान ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्मों में अभिनय किया है. मुझे कुछ कहना है, ऐतराज, हलचल, चुप चुपके, ओमकारा, जब वी मेट, गोलमाल रिटर्न्स, अजनबी, कभी खुशी कभी गम, 3 इडियट्स, बॉडीगार्ड, बजरंगी भाईजान, उड़ता पंजाब, वीरे दि वेडिंग जैसी फिल्मों में अभिनय किया है. वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अपकमिंग फिल्म लाल सिंह चड्ढा है।

# हृदय रोगी एक्सरसाइज करते समय इन बातों का रखें ध्यान, वरना बढ़ सकती है परेशानी



हृदय रोगियों के रोजाना तरह-तरह की एक्सरसाइज करने से गंभीर बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। हालांकि यह तभी मुमकिन है जब हृदय रोगी सही ढंग से और कुछ सावधानियों को ध्यान में रखते हुए एक्सरसाइज करें। जी हां, हृदय रोगियों के लिए एक्सरसाइज के दौरान की गई एक छोटी सी गलती भी परेशानी का कारण बन सकती है। आइए जानते हैं कि हृदय रोगियों को एक्सरसाइज करते समय किन-किन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।

**आइसोमेट्रिक एक्सरसाइज न करें:** अगर आप हार्ट स्ट्रोक या फिर हार्ट अटैक से ग्रस्त हैं तो भूल से भी अपने वर्कआउट रूटीन में पुशअप्स और सिटअप्स जैसी आइसोमेट्रिक एक्सरसाइज को शामिल न करें। दरअसल, आइसोमेट्रिक एक्सरसाइज से मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है जिसकी वजह से आपको हृदय रोग के साथ-साथ कई तरह की अन्य समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है। इसलिए गंभीर स्थितियों वाले लोगों को आइसोमेट्रिक एक्सरसाइज का अभ्यास करने से बचना चाहिए।

**सामान्य तापमान में ही करें एक्सरसाइज:** हृदय रोगियों को ऐसी जगह पर एक्सरसाइज करनी चाहिए जहां का तापमान न ज्यादा हो और न ही कम। दरअसल, अगर हृदय रोगी बहुत अधिक गर्मी या फिर अधिक ठंड में एक्सरसाइज करते हैं तो इसके कारण उन्हें सांस लेने में दिक्कत और सीने में दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अगर आप हृदय से जुड़ी किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो सामान्य तापमान वाली जगह पर ही एक्सरसाइज करें।

**ज्यादा वजन उठाने वाली एक्सरसाइज करने से बचें:** हृदय रोगियों को ज्यादा वजन उठाने वाली एक्सरसाइज भी नहीं करनी चाहिए क्योंकि इस एक्सरसाइज से भी मांसपेशियों पर जोर पड़ता है जिसकी वजह से उनकी समस्या बढ़ सकती है। इसलिए डॉक्टर भी हृदय रोगियों को ज्यादा वजन वाली एक्सरसाइज न करने की सलाह देते हैं। वहीं अगर किसी भी तरह की एक्सरसाइज के दौरान आपको अपने हार्टबीट में बदलाव महसूस होता है तो तुरंत एक्सरसाइज छोड़ दें और 15 मिनट आराम करके हृदय की धड़कन को जरूर चेक करें।

हृदय से जुड़ी कोई भी सर्जरी होने पर

## अपनी बेटी को खुद से बढ़िया अदाकारा मानती है श्वेता तिवारी



लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री श्वेता तिवारी को लगता है कि उनकी बेटी पलक, जो हॉरर फिल्म रोजीः द केसर चैप्टर से बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, उनसे बेहतर अभिनेत्री है। 40 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिलता है तो वह पलक के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना पसंद करेंगी। श्वेता ने बताया, मैं उनके साथ काम करना पसंद करूंगी। कई बार वह ऑडिशन देती हैं और सीन करती हैं। मुझे लगता है कि वह मुझसे बेहतर अदाकारा हैं। वह इतनी सहज है, मैं बस देखती रहती हूं। कभी-कभी मैं उन्हें परफॉर्म करते हुए देखकर इमोशनल हो जाती हूं। उन्होंने कहा कि इसलिए, वह एक बेहतर अभिनेत्री हैं और अगर मुझे कभी मौका मिला तो मैं उनके साथ अभिनय करना पसंद करूंगी। श्वेता पिछले 20 सालों से छोटे पर्दे की इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। उन्होंने कसौटी ज़िंदगी की में प्रेरणा शर्मा बजाज के रूप में अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं, और बाद में परवरिश और बेगूसराय जैसे शो में अभिनय किया। अभिनेत्री खुद को टेलीविजन स्टार नहीं मानती हैं। उन्होंने कहा कि मैं स्टार नहीं हूं, मैं एक एक्टर हूं, एक जानी मानी अभिनेत्री हूं।



वन-टू-वन




## राज्य सचिव सौरभ बघेल ने की मप्र के 52 जिलों के विकलांग बंधुओ से की अपील की आप सभी covid-19 का टिका जरूर लगबायें

**पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड / राज्य सचिव सौरभ बघेल ने मध्य प्रदेश के 52 जिलों के समस्त विकलांग बधुओं से अनुरोध किया आप सभी ष्भ्1द्बस्र-19 का टिका जरूर लगबायें अगर आपको कोई गंभीर बीमारी हो तो आप डॉक्टर की देख रेख मै ही टिका लगबायें साथ ही आप बहार जाते समय मास्क एवं सैनेटाइजर का उपयोग करें और शासन प्रसाशन का सहयोग करें




## मध्यप्रदेश स्नूकर ओपन चैंपियनशिप का आयोजन 03 सितम्बर से

**पुष्पांजली टुडे**

इंदौर( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक )

द क्लब सेंचुरियन स्नूकर अकादमी के तत्वाधान में आयोजित मध्यप्रदेश स्नूकर ओपन चैंपियनशिप का अयोजन दिनांक 3 सितंबर से 7 सितंबर तक किया जा रहा है।जिसमे प्रवेश की आखरी तारीख 31 अगस्त है।वहीं इस स्पर्धा मे भाग लेने के लिए पंकज नंदनवार एवं हर्ष राठौर से संपर्क कर सकते है।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस स्पर्धा में विजेताओं को 31000 रु.तक के नगद पुरस्कार एवं आकर्षक ट्रॉफी दी जाएगी।स्पर्धा का आयोजन एरेना क्लब,स्कीम नम्बर 78,पार्ट 2,विजय नगर, इंदौर मध्यप्रदेश में किया जा रहा है।इसमे प्रथम विजेता को 16000,द्वतीय विजेता को 8000,तृतीय विजेता को 4000 एवं चतुर्थ विजेता को 2000 का उपहार दिया जाएगा। वहीं इस आयोजन में प्रमुख स्पॉन्सर के रूप में इंदौर के हॉट शॉट कॉफी हब को बनाया गया है तो वहीं न्यू श्री फैशन फिटनेस व स्ट्रोम जिम व अरेना बैडमिंटन क्लब को भी स्पॉन्सर बनाया गया है।

## नाइट कर्फ्यू को लेकर सरकार का अहम फैसला, दुकानों को बंद कराने के लिए पुलिस को दिया निर्देश

**ब्यरो सोनू कुमार माथुर**

लखनऊ. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम-9 की अहम बैठक में कोरोना के अलग–अलग राज्यों में बढ़ रहे मामलों को देखते हुए अहम दिशा–निर्देश दिए हैं. सीएम योगी ने साफ किया है कि अब रात 10 बजे के बाद कोई भी दुकान खुली न रहे. इसको लेकर पुलिस विभाग को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया गया है कि रात में दुकानें बंद करवाएं और लोग अनावश्यक न घूमें. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अलग अलग राज्यों में कोविड के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रहे हैं. इस वजह से हमें सावधान रहने की जरूरत है. अब वो वक्त है कि अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी. उन्होंने कहा कि कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाना बहुत जरूरी है. रात 10 बजे के बाद रात्रिकालीन कर्फ्यू को प्रभावी बनाने की बात उन्होंने दोहराई. कहा कि पुलिस टीम हूटर बजाकर समय से पूर्व एक चेतावनी जारी करे, ताकि 10 बजे तक दुकानें बंद हो जाएं. सीएम ने कहा कि एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट की नीति के साथ-साथ तेज टीकाकरण की नीति से उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रित स्थिति में है. प्रदेश में अब तक 07 करोड़ 12 लाख 89 हजार 637 टेस्ट हो चुके हैं. यह देश में किसी एक राज्य द्वारा की गई सर्वाधिक कोविड टेस्टिंग है. 25 अगस्त तक 06 करोड़ 60 लाख 82 हजार से अधिक वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी है. 05 करोड़ 55 लाख 94 हजार से अधिक लोगों ने टीके की कम से कम एक डोज जरूर ले ली है. लगातार कोशिशों से उत्तर प्रदेश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर की स्थिति नियंत्रण में है. संक्रमण दर न्यूनतम स्थिति में है. विगत 24 घंटो में हुई 02 लाख 16 हजार 629 सैम्पल की टेस्टिंग में 60 जिलों में एक भी नया मरीज नहीं पाया गया. मात्र 19 नए संक्रमित पाए गए, जबकि 22 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज भी हुए. इस अवधि में एक भी मरीज की मृत्यु भी नहीं हुई. प्रदेश में कुल एक्टिव केस की संख्या 342 है. कोविड रिकवरी दर 98.6 है, जबकि बीते 24 घंटे में पॉजिटिविटी दर 0.01त्न फीसदी रही।।

मदद की दरकार-इनकी भी सुनो सरकार

# कोरोना ने छीना मां-बाप का साया, दाने-दाने को मोहताज हुए 5 मासूम बच्चे, भीख मांगकर कर मासूम कर रहे गुजारा













### कलेक्टर-एसपी पहुँचे ग्राम अमाहा

**पुष्पांजली टुडे, दबोह(अर्पित गुप्ता)**

मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण ने न जाने कितने हंसती-खेलती परिवारों की दुनिया उजाड़ दिया। और उन्हें दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर कर दिया।ऐसा ही एक मामला प्रदेश के भिंड जिले के दबोह से सामने आया है।जहां एक परिवार पर कोरोना का कहर इस कदर टूटा की पूरा परिवार खंड-खंड होकर बिखर गया।आलम यह कि कोरोना से लगभग दस माह पहले 5 बच्चों के सिर से पिता का साया उठा,फिर 3 माह पहले मां भी कोरोना की चपेट में आकर चल बसी,और अब इस परिवार में 3 बच्ची और 2 बच्चे हैं।ये 5 बच्चे अब भीख मांगने को मजबूर हैं।

शुक्रवार की शाम को भिण्ड कलेक्टर व एसपी दबोह क्षेत्र के ग्राम अमाहा पहुंचे।जहां पर वह शमशान घाट पहुंचे और मासूम बच्चो के रहने वाली जगह का निरीक्षण किया।प्रशासन ने पांचों मासूमो को लहार के वृद्धा आश्रम में शिफ्ट कराया।उसके बाद व्यवस्थाएं देखने के बाद कलेक्टर ने पूरे मामले में लापरवाही बरतने के चलते ग्राम पँचायत सचिव पर कार्यवाही करने की बात कही।इस दौरान भिण्ड कलेक्टर सतीश कुमार एस, भिण्ड एसपी मनोज सिंह,जनपद सीईओ,तहसीलदार नवीन भारद्वाज,थाना प्रभारी दबोह प्रमोद साहू समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### यह है पूरा मामला:7 साल की बच्ची भीख मांगकर भरती परिवार का पेट

दरअसल,पूरा मामला जिले के दबोह थाना क्षेत्र के अमाहा गांव का है।जहां कोरोना में एक परिवार का घर उजड़ गया।मां-बाप के निधन के बाद 5 बच्चे अनाथ हो गए।जिसमें से एक बच्चे की उम्र 7 साल,सबसे छोटा बच्चा 7 महीने का है.एक 7 साल की बच्ची अपने 4 भाई-बहनों की गांव वालों की मदद से देखभाल कर भरण पोषण कर रही है।गांव में घर-घर जाकर खाना मांगती है, तब जाकर मासूम नौनिहालों के पेट की आग शांत करा पाती है।

### श्मशान में रहने को मजबूर थे मासूम

इन मासूमों पर मां-बाप का साया तो पहले ही भगवान ने छीन लिया है,लेकिन इनके पास रहने के लिए ठीक-ठाक घर भी नहीं है।जिसमें ये मासूम बच्चे रह सके।आलम ये है कि छोटे-छोटे मासूम बच्चे माता-पिता द्वारा छोड़ी गई श्मशान के बगल में टूटी-फूटी झोपड़ी में रहने के लिए मजबूर थे।जब बरसात में पानी गिरता है तो बगल में स्थित श्मशान घाट की टीन शेड के नीचे रात बिताना सबसे बड़ी मजबूरी होती है।

### बीते माह मां-बाप की कोरोना से हुई मौत

आपको बता दें कि अमाहा गांव के राघवेंद्र वाल्मिकी ने लगभग दस माह पहले और उनकी पत्नी गिरजा ने 3 महीने पहले कोरोना के चलते अपनी जान गवां दी, और पीछे छोड़ अपने 5 मासूम और छोटे छोटे बच्चे गए।आज ये बच्चे अपने माता-पिता की मौत के बाद से ही भूख मिटाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।5 बच्चों में सबसे बड़ी बेटी की उमर महज़ 7 साल है।जबकि सबसे छोटा बच्चा 7 महीने का है।ये भाई बहन पेट पालने के लिए हर रोज़ गांव से मिलने वाली भीख के मोहताज हैं।बड़ी बेटी घर-घर जाकर खाना मांगती है, जो मिलता है उसी से भाइयों और बहनों का पेट भरती है।

### लापरवाह प्रशासन ने अब तक नहीं ली थी बच्चों की सुध

सरकार और जिला प्रशासन की लापरवाही का भी मामला सामने आया है।प्रशासन के नकारेपन के चलते प्रधानमंत्री की पीएम केरयर फॉर चिल्ड्रेन योजना और मुख्यमंत्री की सीएम कोविड बाल कल्याण योजना का लाभ भी इन बेसहारा और अनाथ बच्चों को नहीं मिल पा रहा है।जो कोरोना से अपने मां-बाप को खोने के बाद पिछले 10 महीने से गांव में भीख मांग कर पेट भर रहे हैं।बच्चों की सुध लेने आज तक कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा है।

### मदद के लिए अधिकारियों को आदेश का इंतजार

मां-बाप की मौत के बाद पिता का घर तो रहने को है,लेकिन कच्ची झोपड़ी जो कभी गिर सकती है।जिसकी वजह से ये अनाथ बच्चे बारिश में पास बने श्मशान के टीन शेड में रातें गुजारते हैं।मिट्टी की झोपड़ी बारिश में कभी धराशायी हो सकती है।हालांकि ऐसा नहीं है कि ज़िम्मेदार इनके हालातों से वाक़िफ़ नहीं हैं,लेकिन सचिव महोदय काग़जी घोड़े दौड़ाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का इंतज़ार करने की मजबूरी जताते हैं।सचिव अशोक पारासर का कहना है कि इन बच्चों के पास कोई भी दस्तावेज नहीं है।गांव में कनेटिविटी नहीं होने से इन बच्चों के न तो परिवार ढ्रष्ठ बन पाई,न ही आधार कार्ड।जिसकी वजह से कोरोना के तहत मृत्यु में चल रही योजनाओं का भी लाभ इन बच्चों को नहीं दिला पा रहे हैं।



## परिवार परामर्श केंद्र में एक टूटते हुए परिवार को फिर से मिलाया

**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाने में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज एक टूटे हुए परिवार को फिर से मिलाकर एक किया गया, मामला थाना कम्पिल जिला फर्रुखाबाद ग्राम नगला घुन्डी का है जहां के रहने बाली शहनाज की शादी यासीन पुत्र आसिम खान निवासी सुशामयी थाना हसायन जिला हाथरस से 7 साल पहले हुई थी, दोनों में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था,आज दोनो पक्षों को बुलाकर उनके गिले शिकवे दूर कराकर फिर से मिला दिया गया, आज की बैठक में एस एच ओ रज़िया, सुल्ताना काउंसलर सचेन्द्र गुप्ता, के अलावा महिला थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

## सांसद श्रीमती संध्या राय आज पूर्व सांसद स्व.कालीचरण शर्मा के निवास स्थान पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को किया आव्हान

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में वैक्सीन महाअभियान चलाया जा रहा है हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए कोविड-19 सेक्टर पर वैक्सीन लगवाने के लिए लोगों के घर-घर जनसंपर्क कर उन्हें कोविड-19 सेक्टर पर पहुंचाने का दायित्व संभाले ताकि भिंड जिले को करो कोविड-19 से मुक्त कर लोगों को सुरक्षा प्रदान की जाए वैक्सीनेशन ही सुरक्षा का महत्व पूर्ण कवच है यह बात भिंड शहर के वाटर वर्क्स रोड स्थित पूर्व सांसद स्वर्गीय कालीचरण शर्मा के निवास स्थान पर भाजपा सुभाष मंडल एवं विश्राम गृह पर्व महाराणा प्रताप मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए इससे



पूर्व उनके पुत्र भाजपा नेता डॉ तरुण शर्मा ने उनको गुलदस्ता देकर अपने निवास पर अगुवानी कर उनका स्वागत किया ।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती राय ने कहा कि कांग्रेस वैक्सीनेशन अभियान को लेकर जनता के बीच झूठ का प्रचार कर जनता को भ्रमित करने का कार्य किया जा रहा है, हम सब कार्यकर्ता अपने-अपने पोलिंग बूथों पर फैलाई जा रहे झूठ को दूर कर सर्व समाज की जनता को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें ।

भाजपा महाराणा प्रताप एवं सुभाष मंडल कि आयोजित बैठकों में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि शहर के विकास और प्रकृति के लिए अपने अपने सुझाव जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर समस्याओं का निराकरण कराएं जहां मेरी आवश्यकता है वहां मैं हमेशा आपके साथ खड़ी रहूंगी 7 पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही आज मुझे लोकसभा में जाने का मौका मिला और संसदीय क्षेत्र विकास और प्रकृति के लिए अपनी बात को गंभीरता के साथ रखती हूं ।

मंडल बैठकों में महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी ,अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष एडवोकेट हनुमंत बोहरे, रविंद्र सिंह नरवरिया एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी जैन, जिला मंत्री श्रीमती बेबी राठौर श्रीमती मुन्नी जाटव, सौरभ जैन ,आदेश शर्मा, रामअवतार शिवहरे मोनू नरवरिया, महामंत्री राजीव उपाध्याय, सुनील वाल्मीकि, दीपक शर्मा, श्याम किशोर दीक्षित,सानू सेवर, सुनील कौशल, शैलू भदोरिया, हृदेश सोनी,अमित यादव प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# जिला योजना समिति के सदस्य हेतु 16 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए

**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा। जिला मजिस्ट्रेट/निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि जनपद एटा में जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में से जिला योजना समिति के लिए वर्गवार निर्धारित संख्या में सदस्य/सदस्यों को निर्वाचित किया जाना है। जिसके तहत जिला पंचायत सदस्यों में से अनारक्षित वर्ग के 7, अनारक्षित वर्ग महिला के 3, अनुसूचित जाति के 3, अनुसूचित जाति महिला के 2, अन्य पिछड़ा वर्ग के 3, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के 2 सदस्य निर्वाचित किए जाने हैं। उक्त निर्वाचन के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की गई।

सहायक निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जिला योजना



समिति के सदस्य हेतु जनपद के 30 जिला पंचायत सदस्यों में 20 सदस्यों को जिला योजना समिति का सदस्य बनना है। जिसके अन्तर्गत शुक्रवार को जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक कुल 16 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए, जिसकी न्यायालय कक्ष जिला मजिस्ट्रेट पर 27 अगस्त को अपरान्ह 4 बजे से संवीक्षा की गई जिसमें सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवारों में से यदि कोई उम्मीदवार अपनी उम्मीदवारी वापिस लेना चाहता है तो वह 31 अगस्त 2021 को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर वापस ले सकता है।

जिला योजना समिति के सदस्य हेतु अनारक्षित वर्ग से जुगेन्द्र सिंह, दुर्गेश कुमार, देवेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, विनोद यादव एवं अनारक्षित वर्ग महिला हेतु भूरी देवी, सुमन देवी, सोनी यादव, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु अनिल कुमार, सुखवेन्द्र एवं अन्य पिछड़ा वर्ग महिला हेतु अमरलता, सुनीता एवं अनुसूचित जाति हेतु अरविन्द, गजेन्द्र सिंह, गिरन्द तथा अनुसूचित जाति महिला हेतु यशोदा देवी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए।

## BJP की बैठक में नेताओं को CM ने दी नसीहत, कहा- स्वागत और सत्कार के चक्कर में मूल काम न भूलें

**पुष्पांजली टुडे, भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)**



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में उपचुनाव को लेकर बीजेपी संगठन की हो रही बैठक संपन्न हो गई है. बैठक में सत्ता और संगठन के बीच समन्वय पर फोकस किया गया. इस दौरान मंत्रियों को भी 2 दिन प्रभार वाले जिलों में अनिवार्य रूप से रहने की नसीहत दी गई है।

बैठक में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्वागत-सत्कार से नेता दूरी बनाएं. उन्होंने कहा कि स्वागत-सत्कार के चक्कर में मूल काम न भूलें. सरकार और पार्टी का मूल काम है जनता की सेवा है. जनता के काम ही सर्वोपरि है. सरकार के काम-काज में संगठन की सहभागिता ली जाए।

बैठक में मंत्रियों को निर्देश दिए गए कि कार्यकर्ताओं की भी ठीक से सुनवाई करें. साथ ही बैठक में ओबीसी आरक्षण की भी जानकारी दी गई. बैठक में कहा गया कि जनता को बताएं कि मप्र में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण लागू है. बैठक में जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी और संभाग प्रभारियों को समन्वय बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# पुलिस अधिकारी समाज का विश्वास अर्जित करते हुए अपराधियों के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी रखें : मुख्यमंत्री चौहान

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे

**( इंदौर - उज्जैन संभाग के कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन हुई)**

इंदौर/उज्जैन।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ÷प्रदेश सरकार सज्जनों के लिए फूल से ज्यादा कोमल पर अपराधियों के लिए वज्र से ज्यादा कठोर है। राज्य शासन के इस ध्येय को पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा मैदानी स्तर पर सार्थक रूप देना है। पुलिस विभाग को समाज का विश्वास अर्जित करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का सिलसिला निरंतर जारी रखना है। कम्युनिटी पुलिसिंग के साथ ही हम अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सफल हो सकेंगे।÷ मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यह बात गुरुवार को अपने इंदौर प्रवास के दौरान ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की गई इंदौर-उज्जैन संभाग की कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक में कही। इस अवसर पर गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, मध्य प्रदेश पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग डॉ. राजेश राजौरा, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय मकरंद देऊस्कर, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी गृह मंत्री कार्यालय डॉ अशोक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार, उज्जैन रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक योगेश देशमुख, पुलिस उप महानिरीक्षक उज्जैन एवं रतलाम रेंज सुशांत कुमार सक्सेना, इंदौर रेंज आईजी हरिनारायण चारी मिश्रा, संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा, डीआईजी मनीष कपूरिया तथा इंदौर एवं उज्जैन संभाग के सभी प्रमुख पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

(नारी को सुरक्षा और सम्मान देना है हमारा प्राथमिक कर्तव्य)

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर एवं उज्जैन जोन में महिलाओं के विरुद्ध हुए आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान देना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। इस दिशा में पूरे प्रयास और ताकत के साथ हमें कार्य करना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि देश विरोधी वातावरण पर राज्य शासन जीरो इन टोलरेंस का रूख अपनाएगी। किसी भी तरह की देश विरोधी नारेबाजी किसी भी स्थिति में माफ नहीं की जाएगी।



(अवैध शराब बनाने वाले गिरोह को नेस्तनाबूद करने हेतु जल्द बनाया जाएगा नया अधिनियम)

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर एवं उज्जैन संभाग में अवैध शराब बनाने वाली जगहों को चिन्हित कर इस प्रक्रिया में सक्रिय गिरोह के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह के गिरोह को नष्ट करने के लिए शासन जल्द ही एक नया कानून लेकर आएगी। लेकिन तब तक अवैध शराब के विरुद्ध हो रही कार्रवाई में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि अन्य राज्यों से प्रदेश में भेजी जा रही अवैध शराब के विरुद्ध सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्यवाही भी अवश्य की जाए। इससे अवैध शराब के कारोबार में संलग्न व्यक्तियों को रोका जा सकेगा।

माफियाओं के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई:-

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मादक पदार्थ संबंधी गतिविधियों में संलग्न माफियाओं को हमें किसी भी हाल में पनपनें नहीं देना है। ऐसे माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करनी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जाति संबंधी अपराधिक प्रकरणों में इनके पीछे जो मुख्य कारण है उनका विश्लेषण किया जाए ताकि किसी भी तरह के सामाजिक तनाव संबंधी मामले उत्पन्न ना हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि दोनों संभागों में पीएफआई, एसडीपीआई आदि संगठनों की गतिविधियों को नियमित रूप से मॉनिटर किया जाए और इनके नापाक मनसुबो को पूरी तरह कुचला जाये।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उज्जैन में भू-माफियाओं से मुक्त कराई गई 450 करोड रुपए की शासकीय जमीन में गरीबों के लिए आवास बनाया जायें।

जानकारी ही सतर्कता है:-

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यदि हम अपराधों के पीछे कारणों का विश्लेषण करें तो उससे मिली जानकारी का अध्ययन करके हम इन अपराधिक घटनाओं को घटने से पहले ही रोक सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि हम जमीनी अमले को बेहतर तरीके से प्रशिक्षित करें और संवेदनशील बनाएं। जब वे उत्साह के साथ कार्य करेंगे तभी वे इस तरह के अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगा पाएंगे।

(पुलिस अपनाएं क्विक रिस्पांस टेक्निक)


मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर एवं उज्जैन संभाग के पुलिस विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई प्रशंसनीय है लेकिन कार्रवाई के साथ-साथ जनता तक उसके संबंध में जानकारी पहुंचाना भी आवश्यक है। इसलिए पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई एवं घटनाओं के संबंध में समय पर जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए। जनता तक सही तथ्यों के साथ जानकारी पहुंचाने में और अधिक तेजी लाना आवश्यक है।

(अवैध फायर आर्म्स में संलग्न व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बनाए एक्शन प्लान)

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर एवं उज्जैन संभाग में अवैध फायर आर्म्स के कार्य में संलग्न अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई तो की ही जाए लेकिन इन्हें प्रशिक्षित कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी एक्शन प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध फायर आर्म्स जब जप्त किए जाते हैं तो उनके साथ-साथ उनके प्रोडक्शन यूनिट को भी नष्ट किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दोनों संभाग के पुलिस अमले को कोरोना काल के दौरान मानवता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिये प्रशंसा करते हुये बधाई भी दी। बैठक में इंदौर आईजी श्री मिश्रा एवं उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक देशमुख ने संबंधित संभागों में विगत माह में हुए आपराधिक प्रकरणों एवं उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई के संबंध में मुख्यमंत्री श्री चौहान को अवगत कराया।

## वन-टू-वन



### शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय, पिछोर जिला-शिवपुरी में 'कोविड वैक्सीनेशन :भ्रान्तियां, यथार्थ एवं प्रभाव'विषय पर वेबिनार सम्पन्न-

दिनांक-26/08/2021 को महाविद्यालय मैं कोविड-19 संक्रमण के बचाव हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.केशव सिंह जी के मार्गदर्शन मैं वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक वेबिनार का आयोजन किया गया, परिचर्चा में मुख्यवक्ता के रूप में डॉ बृजेश शर्मा, मेडिकल ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर रहे उन्होंने कोविड वैक्सीन के संबंध में फैली हुई भ्रान्तियों को निराधार बताते हुए कहा कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है एवं इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है तथा यह हमें कोरोना वायरस से सुरक्षा प्रदान करती है इसलिए सभी को शीघ्र और अनिवार्य रूप से वैक्सीनेशन कराना चाहिए।कार्यक्रम के संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केशव सिंह जी रहे उन्होंने समस्त स्टाफ़ एवं विद्यार्थियों से अपील की सभी अपने परिवारों का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराएं। विशिष्ट वक्ता के रूप में विश्व बैंक परियोजना प्रभारी डॉ. अक्षय जैन रहे उन्होंने %युवा शक्ति - कोरोना मुक्ति% अभियान में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव-डॉ.गिरीश नीखरा ने अतिथियों का परिचय दिया ,समन्वयक श्री शिवतीर्थ चतुर्वेदी ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया, कार्यक्रम का संचालन-डॉ. भावना भटनागर ने एवं आभार-श्री नरसिंह भिड़े ने किया।कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भागीदारी रही।



### MP में खुल सकते हैं छोटे बच्चों के स्कूल, शिक्षा मंत्री ने कहा- 30 अगस्त तक जारी किए जाएंगे प्रोग्राम

पुष्पांजली टुडे, भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)

मध्य प्रदेश में छोटे बच्चों के स्कूल खोले जा सकते हैं. स्कूल खोलने को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने का बयान सामने आया है. मंत्री इंदर सिंह ने कहा कि स्कूल खोलने पर विचार कर रहे हैं।स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि पहली से पांचवी तक स्कूल खोलने पर विचार कर रहे हैं. 6वीं से 8वीं तक और 9-12वीं तक क्लास के दिन बढ़ाए जाएंगे।इंदर सिंह परमार ने बताया कि 30 अगस्त तक स्कूल खोलने का प्रोग्राम जारी किए जाएंगे. सितंबर के पहले या दूसरे सप्ताह में क्लास शुरु हो सकती है।

### महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा एवं स्वाबलंबन के प्रति किया किया जागरूक

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों पर चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति अभियान के तहत 27 अगस्त को हेमचंद्र गौतम सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) के निर्देशन में कासगंज रोड़ स्थित आर. ए. मोटर्स पर उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वालंबन के प्रति किए जा रहे प्रयासों के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही उपस्थित अन्य जनसामान्य को समाज में महिलाओं की सुरक्षा व उनके स्वालंबन में उनके द्वारा सकारात्मक सहयोग प्रदान किए जाने की अपील की।

## शरारती तत्वों ने तोड़ी बरसों पुरानी शिवलिंग

गोहद भिंड-गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत डांग के पहाड़ पर स्थित सैकड़ों वर्ष पुरानी शिवलिंग शरारती तत्वों द्वारा कल दोपहर दिनांक 26 अगस्त 2021 को दोपहर के लगभग तोड़ दी जिसकी सूचना शाम के समय गांव वालों को लगी गांव वालों ने पुलिस को सूचना दे दी आज एसडीओपी नरेंद्र सिंह सोलंकी थाना प्रभारी ओपी मिश्रा ने डांग पहाड़ घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और ग्रामीणों से चर्चा की और टूटी हुई शिवलिंग एवं नंदी को पास ही बने मंदिर में सुरक्षित तरीके से रखवाया पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है

फरियादी श्रीकृष्ण पुत्र हरविलास जमादार उम्र 50 साल नि0 ग्राम डॉग

नाम आरोपी- 1. प्रदीप पुत्र लटूरी जाटव उम्र 25 साल

2. बंटी छोटेलाल उम्र 32 साल

3. पुलन्दर पत्र भरेसिंह उम्र 34 साल

4. बिहारी जाटव पुत्र भूरेलाल उम्र 35 साल

5. गजेन्द्र सिंह पुत्र अमरसिंह जाटव उम्र 40 साल,

.6. रामलक्ष्मण पुत्र बाबूलाल जाटव निवासीगण ग्राम डॉग सरकार गोहद

घटना दिनांक 26.08.21 के 2.00 बजे

कायमी दिनांक 27.08.21 के 2.30 बजे



### विवरण

आरोपीगणों को रामलक्ष्मण जाटव व्दारा मूर्ती(शिवलिंग) के नीचे धन(धडा) रखा होना बताया आरोपीगणों द्वारा शिवलिंग को तोड़कर घडा निकालने के लिये गड्डा खोदा गया व शिवलिंग को तोड़ दिया। जिस पर से प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया दौराने विवेचना 1. प्रदीप पुत्र लटूरी जाटव उम्र 25 साल 2. बंटी पुत्र छोटेलाल उम्र 32 साल 3 पुलंदर पुत्र भूरेसिंह उम्र 34 साल 4. बिहारी जाटव पुत्र भूरेलाल उम्र 35 साल, 5. गजेन्द्र सिंह पुत्र अमरसिंह जाटव उम्र 40 साल निवासीगण ग्राम डांग सरकार गौहद चौराहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## लोह-पीटा समाज के लोगों को प्रधानमंत्री योजना के तहत मिले प्लॉट

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो) । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर नगर पालिका परिषद भिण्ड द्वारा लोह-पिटा समाज के लोगों को जो की एमजेएस कॉलेज के पास लकड़ी और त्रिपाल के घरों में रह रहे थे, उन्हें रतनपुरा नई जेल के पास प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मौके पर प्लाट दिए जाकर उनका भूमि पूजन कराया गया एवं उनके खाते में ?100000 प्रति हितग्राही के मान से राशि डाली गई। इस मौक़े पर डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा महेश बड़ोले, सीएमओ नगरपालिका भिण्ड सुरेंद्र शर्मा ने व्यक्तियों को भूमि पूजन कराया।



## अवैध रूप से संचालित आधार सेंटर को बंद कराया गया

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ



दैनिक पुष्पांजली टुडे इंदौर । इंदौर जिले के मांगलिया में एक निजी संस्थान में अवैध रूप से संचालित किये जा रहे आधार कार्ड बनाने के सेंटर पर कार्रवाई करते हुये उसे तत्काल बंद कराया गया है। सेंटर की मशीन को भी जप्त कर लिया गया है।

जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी की जिला प्रबंधक सुश्री अंकिता पोरवाल ने बताया कि गत दिनों सहायक प्रबंधक राकेश कुमार एवं उनकी टीम द्वारा इस सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यह सेंटर अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। तत्काल कार्रवाई करते हुये इसे बंद करा दिया गया तथा इस सेंटर की मशीन जप्त कर ली गई। सुश्री पोरवाल ने बताया कि संबंधित संचालक के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। निर्देश दिये गये है कि जिले में नियमानुसार वैध आधार सेंटर ही संचालित किये जाये। अवैध रूप से संचालित सेंटरों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिले में चल रहे आधार सेंटरों का आकस्मिक निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा।

## पुलिस की घेराबंदी से मवेशी छोड़कर भागे बदमाश

गौरव शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

पहाड़गढ़ । रक्षाबंधन के दिन अमोही के पुरा के पास से मवेशी चुराकर ले गए थे बदमाश जैसी ही सूचना पहाड़गढ़ थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह गौर और कन्हार चौकी प्रभारी राकेश भास्कर को मिली वह अपने फोर्स को लेकर जंगल में सर्चिंग के लिए उतर गए पुलिस ने लगातार जंगल में सर्चिंग जारी रखी और 6 दिन बाद पुलिस को पहाड़गढ़ के जंगल में सफलता हाथ लगी।





## लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुंचे'



पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे

लहार । लहार विधायक डॉ गोविन्द सिंह बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुँचे ढीमरन का पुरा भिंड जिले के दूरस्थ गांव ढीमरन का पुरा में बाढ़ से हुई तबाही देखने तथा बाढ़ पीड़ित परिवारों से मिलने शुक्रवार को लहार विधायक डॉ गोविन्द सिंह जी गांव में पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर बाढ़ से ग्रामीणों का हुआ नुकसान को करीब से देखा तथा जिला प्रशासन द्वारा क्या मदद मिली इसके संबंध में जानकारी ली। डॉ गोविंद सिंह जी ने करीब 25 बाढ़ पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता 5000 से ?10000 तक की और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया सभी बाढ़ पीड़ितों के बैंक खातों के नंबर भी विधायक जी द्वारा लिए गए हैं जिससे की 10 - 10 हजार रुपये की बाढ़ पीड़ितों की आर्थिक सहायता ओर की जाएगी।

## लिंग जांच करने वालों की सूचना विभाग को दें: डॉ. मिर्धा

नेनाराम सिरवी,पुष्पांजली टुडे

### चिकित्सा विभाग की मुखबिर योजना के तहत मिलेगी तीन लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि

पाली। बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं । भ्रूण हत्या को रोकने के लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 बनाया गया है , जिसके तहत गर्भ में पल रहे भ्रूण का लिंग जांच करना और भ्रूण हत्या करना कानूनन अपराध है। सीएमएचओ डॉ. आर पी मिर्धा ने बताया कि गैर कानूनी तरीके अपनाकर कुछ लोग गर्भ में पल रहे भ्रूण की लिंग जांच करते हैं। पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत ऐसे लोगों को पकड़कर नियमानुसार दंड देने का प्रावधान निर्धारित किया गया है। भ्रूण लिंग जांच रोकने के लिए सरकार की ओर से मुखबिर योजना बनाई गई है। योजना के अंतर्गत कोई भी भ्रूण लिंग जाँच की पुख्ता जानकारी होने पर सूचित कर सकता है। सूचना की पुष्टि होने के बाद मुखबिर एवं अन्य सहयोगियों को नियमानुसार तीन किस्तों में कुल तीन लाख तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आपके क्षेत्र में किसी व्यक्ति के इस कार्य मे लिप्त होने की पुख्ता जानकारी हो तो टोल फ्री नंबर 104 व 108 व व्हाट्सएप नम्बर 97999-97795 पर सूचना दे सकते हैं । सूचना देने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

### क्या है मुखबिर योजना-

पाली। राज्य में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वय के लिए मुखबिर योजना संचालित है। चिकित्सक द्वारा तकनीक का दुरूपयोग रोकने के लिए गोपनीय रूप से सूचना जतना से प्राप्त करना आवश्यक है तथा ऐसी सूचना को प्रदान करने के लिए जनता को अभिप्रेरित करना भी आवश्यक है। इसमें जनसहयोग की आवश्यकता है। इस योजना के द्वारा लिंग परीक्षण के दोषी व्यक्तियों तक विभाग की पहुंच को सुनिश्चित करते हुए उन्हें कानून के दायरे में लाया जा सकता है। समाज में यह संदेश दिया जा सकता है कि लिंग



परीक्षण करने व कराने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध जनसूचना के आधार पर उन्हें दंडित कराया जा सकता है तथा इसके लिए भ्रूण लिंग परीक्षण करने वाले व्यक्ति व चिकित्सक की सूचना विभाग को देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखते हुए उसको चिकित्सा विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

### मुखबिर योजना के उद्देश्य:-

पाली। जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक महेश पंवार ने बताया कि समाज में घटते हुए बाल लिंगानुपात पर रोक लगाने का प्रयास करना, ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही कर उन्हें कानून के शिकंजे में लाना जो कि तकनीक के दुरूपयोग से भ्रूण का लिंग परीक्षण कर बेटियों को जन्म लेने से रोक रहे है, समाज को बेटी बचाने के लिए जागरूक करना व इस कार्य के लिए उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना, गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक के दुरूपयोग को रोकना।

### मुखबिर योजना के लाभ-

पाली। यदि लोग इस योजना के द्वारा चिकित्सकों को भ्रूण लिंग परीक्षण में लिप्त पाए जाने पर कानून के दायरे में लाने के लिए मदद करते हैं, तो उन चिकित्सकों में भय का वातावरण पैदा होगा जो तकनीक के दुरूपयोग से बेटी के जन्म को रोक रहे है।

मुखबिर योजना के लिए निर्धारित प्रोत्साहन राशि-

पाली। सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सफल डिकॉय ऑपरेशन करवाने पर सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि तीन लाख रूपए स्वीकृत की जाती है। प्रोत्साहन राशि तीन लाख रूपए में से 1 लाख रूपए यानि 33.33 प्रतिशत मुखबिर को, डेढ़ लाख यानि 50 प्रतिशत राशि गर्भवती महिला तथा 50 हजार यानि 16.67 प्रतिशत गर्भवती महिला के सहयोगी को दो किस्तों में दी जाती है।

विभाग द्वारा संस्थानों का होता है समय-समय पर निरीक्षण -

पाली। राज्य पीसीपीएनडीटी एक्ट लागू होने के बाद से पाली जिले में 78 संस्थानों का पंजीयन किया गया, जिसमें से वर्तमान में जिले में 38 सोनाग्राफी संस्थान कार्यशील है। पाली जिले में सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा के नेतृत्व में विभाग के अधिकारियों द्वारा समय समय पर इन सोनोग्राफी सेंटरों का निरीक्षण किया जाता है। वर्ष 2020 में विभाग द्वारा 38 सोनोग्राफी सेंटरों का निरीक्षण किया तथा वर्ष 2021 में अब तक 36 सोनोग्राफी सेंटरों का निरीक्षण किया जा चुका है। अधिनियम लागू होने के बाद से अब तक एक डिकॉय कार्यवाही के अलावा तीन सेंटरों में अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही की गई।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान का 29 अगस्त को बालाघाट आगमन

### बालाघाट में पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों से संवाद का राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ ,पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का 29 अगस्त 2021 को बालाघाट आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान 29 अगस्त को प्रातः 11.45 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा प्रस्थान करेंगे और दोपहर 12.25 बजे बिरसी हवाई पट्टी पहुंचेंगें। दोपहर 12.30 बजे वे बिरसी हवाई पट्टी से हेलिकाप्टर द्वारा बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगें और दोपहर 12.45 बजे बालाघाट पहुंचेंगें। बालाघाट में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वे शाम 05 बजे बालाघाट से बिरसी हवाई पट्टी के लिए प्रस्थान करेंगें और शाम 5.15 बजे बिरसी हवाई पट्टी पहुंचेंगें। शाम 5.20 बजे वे बिरसी हवाई पट्टी से वायुयान द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगें और शाम 06 बजे भोपाल पहुंचेंगें।

#### मुख्यमंत्री श्री चौहान हितग्राहियों से करेंगें संवाद एवं हितलाभ का वितरण

आगामी 29 अगस्त 2021 को रेंजर्स कालेज ग्राउंड बालाघाट में पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों से संवाद का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह 06 निकायों बुरहानपुर, सागर, देवास, गुना, कोठी (सतना), बुधनी के हितग्राहियों से संवाद करेंगें। यह कार्यक्रम दोपहर 01 बजे प्रारंभ होगा और प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा। पीएम स्वनिधि प्रथम चरण योजना भारत सरकार के द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2020 को लागू किया गया। इस योजना के अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को 10 हजार रूपये की कार्यशील पूंजी ऋण दिया जाता है। योजना में भारत सरकार के द्वारा 7 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिया जाता है। मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा 7 प्रतिशत के उपर के ब्याज को अनुदान के रूप में दिये जाने का निर्णय लिया गया है। इस प्रकार इस योजना में शहरी पथ विक्रेताओं को ब्याज मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण 10 हजार रूपये का दिया जाता है।

पीएमस्वनिधि योजना प्रथम चरण के अंतर्गत मध्यप्रदेश को 1 जुलाई 2020 से मार्च, 2022 की अवधि में कुल 4.02 लाख शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण वितरण करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके विरूद्ध मध्यप्रदेश में 6.5 लाख शहरी पथ विक्रेताओं को चिन्हित कर पहचान-पत्र जारी किये गये हैं और इनमें से 5.4 लाख के आवेदन बैंक में प्रस्तुत कर दिये गये हैं। मध्यप्रदेश के द्वारा कुल लक्ष्य 4.02 लाख के विरूद्ध 3.5 लाख शहरी पथ विक्रेताओं को लाभान्वित किया गया है और इस प्रकार मध्यप्रदेश पीएम स्वनिधि योजना प्रथम चरण के क्रियान्वयन में देश में द्वितीय स्थान पर है। पी.एम स्वनिधि योजना प्रथम चरण में 3 लाख हितग्राहियों को रूपये 10 हजार प्रति हितग्राही के मान से 300 करोड़ के ऋण वितरण पूर्ण होने की मुख्यमंत्रीजी की अध्यक्षता में दिनांक 12 मार्च, 2021 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था। दिनांक 12 मार्च, 2021 के पश्चात आज दिनांक 29 अगस्त 2021 तक 50 हजार और नवीन शहरी पथ विक्रेताओं को प्रति पथ विक्रेता रूपये 10,000 रूपये के मान से रूपये 50 करोड़ के ऋण वितरण का कार्य पूर्ण किया गया है। इस प्रकार मध्यप्रदेश में आज दिनांक (29 अगस्त, 2021) तक 3.05 लाख पथ विक्रेताओं को प्रति पथ विक्रेता रूपये 10,000 के मान से कुल 350 करोड़ रूपये के ब्याज मुक्त ऋण का वितरण पूर्ण कर लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत डिजिटल पेमेंट को भी प्रोत्साहित किया जाता है और जो शहरी पथ विक्रेता डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से क्रय-विक्रय करता है उनको अधिकतम् रू. 100 रूपये प्रतिमाह का कैशबैक भी प्राप्त होता है। मध्यप्रदेश में शहरी पथ विक्रेताओं ने आज दिनांक तक लगभग 11 लाख रूपये का कैशबैक प्राप्त किया है।

# कोरोना काल में सभी ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दियाः मंगुभाई पटेल

### राज्यपाल द्वारा वैक्सीनेशन में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान

**ग्वालियर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि कोरोना काल में कोरोना वॉरियर, स्वयंसेवी संस्थाएँ एवं जागरूक नागरिकों ने बढ़चढ़कर अपना हर संभव सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक, पुलिस, नगरीय निकाय के कर्मचारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना पूरे मनोयोग से कार्य किया है। इनके अलावा स्वयंसेवी संस्थाएँ एवं जागरूक नागरिकों ने भी जरूरतमंद लोगों तक भोजन तथा अन्य सामग्री पहुँचाने में अपना योगदान दिया है, जो सराहनीय है। मंगुभाई पटेल आज यहां म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ग्वालियर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। समारोह में चेम्बर द्वारा कराए गए कोरोना टीकाकरण कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वालों का सम्मान किया गया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में कोरोना टीकाकरण के क्षेत्र में अच्छा कार्य हुआ है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण महाअभियान में प्रदेश में 24 लाख डोज लगाए गए हैं। इसके लिए



सरकारी अमला बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में कोरोना वॉरियर ने अच्छा कार्य करके अनेकों जिंदगी बचाई है। उन्होंने कहा कि कोरोना के प्रति नागरिक भी जागरूक हुए हैं। अब लोग कोरोना की गाइडलाइन का पालन कर रहे हैं तथा टीकाकरण भी करा रहे हैं। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ग्वालियर ने सराहनीय कार्य किया है। इसमें चेम्बर के पदाधिकारियों की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में चेम्बर के अध्यक्ष विजय गोयल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि ग्वालियर चेम्बर की स्थापना 1906 में हुई थी। उन्होंने कहा कि ग्वालियर एक ऐतिहासिक शहर है। चेम्बर ने इसके चहुँमुखी विकास के लिए कार्य किया है। इसके फलस्वरूप यहां उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि चेम्बर द्वारा कोरोना काल में बड़ी धनराशि दी गई है। साथ ही यह प्रदेश का पहला वैक्सीनेशन सेंटर है। जहाँ 75 हजार टीके लगाए गए हैं। श्री बसंत अग्रवाल ने राज्यपाल का जीवन परिचय दिया। इस अवसर पर शॉल व श्रीफल से राज्यपाल का सम्मान किया गया। संचालन मानसेवी सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने किया। आभार संयुक्त अध्यक्ष श्री प्रशांत गंगवाल ने व्यक्त किया।

# बाढ़ पीड़ितों के साथ मदद के नाम पर मजाक फटे और पुराने निकले कपड़े जूते और चप्पल

**ग्वालियर।** ग्वालियर के भितरवार में बाढ़ पीड़ितों के साथ मदद के नाम पर मजाक किया गया है। 3 दिन पहले प्रशासन ने ग्वालियर सांसद विवेक शेजवलकर के हाथ से नजरपुर गांव के बाढ़ पीड़ितों को कपड़े, जूते और चप्पल बंटवाएं। गांव वालों ने जब गठरी खोली तो और चेक किए तो वे फटे और पुराने थे। यह देखकर गांव के पीड़ितों की आंखों में आंसू आ गए। शुक्रवार को पीड़ितों ने प्रशासन की मदद स्ष्ठरूऑफिस को वापस लौटा दी।

लोगों ने दफ्तर का घेराव करके कहा- हम भिखारी नहीं है। बाढ़ में हमारी गृहस्थी और मेहनत की पूरी कमाई बह गई है। सरकार या अफसर मदद नहीं कर सकते तो न करें, लेकिन झूठी उम्मीद बंधाकर इस तरह मजाक तो न उड़ाए। इस तरह की हरकत से लोगों में आक्रोश है। ग्वालियर-चंबल अंचल में 1 व 2 अगस्त को भीषण





बाढ़ आई थी। इसमें ग्वालियर जिले के डबरा-भितरवार के इलाकों के करीब 46 गांव के हजारों लोग बेघर हो गए थे। 2500 से ज्यादा मकान टूट गए या बह गए थे। यह मकान अब किसी लायक नहीं बचे हैं। लोगों का पैसा, गहने, गृहस्थी का सामान व मवेशी तक बह गए थे। हालत यह है कि कई गांव में लोगों के पास पहनने के लिए दूसरी जोड़ी कपड़े तक नहीं हैं।

**सांसद के हाथों करा दी ऐसी मददः** 24 अगस्त को ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर भितरवार के बाढ़ प्रभावित गांव नजरपुर में पहुंचे थे। यहां उन्होंने गांव की महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को कपड़े और जूते चप्पल भेंट किए थे। जो सामान उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से दिए और फोटो खिंचवाए, वह तो अच्छे थे, लेकिन गांव के लोगों ने जब उनके जाने के बाद गठरी खोली तो वह फटे-पुराने कपड़े, जूते, चप्पल देखकर हैरान रह गए।

**SDM कार्यालय घेरा, किया हंगामाः** नजरपुर गांव के लोगों ने शुक्रवार दोपहर 12 बजे इस मामले में हंगामा शुरू कर दिया है। पीड़ितों ने भितरवार स्ष्ठरू अश्वनी कुमार के दफ्तर पहुंचकर कपड़े और जूते फेंक दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि यह हत्तृ के द्वारा भेजे गए कपड़े और जूते हैं, लेकिन लोगों का कहना है कि आपको तो देखकर वितरित करना चाहिए। दोपहर 3 बजे तक हंगामा जारी था।

**लोगों ने कहाञ्ज झूठी उम्मीद न बंधाओ, तकलीफ होती हैः** नजरपुर गांव की ममता देवी ने कहा कि बाढ़ में सब कुछ बह गया। अब कुछ नहीं बचा है। तीन दिन पहले यह राहत सामग्री बांटी गई थी, जिसमें फटे कपड़े व जूते हैं। सामान भले ही मत बांटो, लेकिन गरीब को झूठी उम्मीद तो मत बंधाओ। हमारा मजाक मत उड़ाओ। मुन्नीबाई ने कहा कि फटे, कपड़ा, जूता बांट गए हैं। प्रशासन और सरकार हमसे ऐसा व्यवहार करेगा पता नहीं था।

### देश में सबसे पहले हमने लागू की नई शिक्षा नीति - मंत्री श्री यादव बेटियाँ हर क्षेत्र में कर रही है नाम रोशनः सांसद श्री शेजवलकर

**ग्वालियर।** शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में जनभागीदारी मद से नवनिर्मित विधि भवन का लोकार्पण कार्यक्रम प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य,सांसद ग्वालियर श्री विवेक नारायण शेजवलकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमआर कौशल, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी परिषद के सदस्य, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्रायें उपस्थित थे। इस मौक़े पर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने उदबोधन में कहा कि आज इस नवनिर्मित विधि भवन के लोकार्पण से हमारी बेटियों को ओर सुविधा मिलेगी , वे यहाँ विधि विषय की पढ़ाई कर परिवार,प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगी।

# घर से भागा प्रेमी जोड़ा, थाने में गुजारी रातञ्ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर मिले लड़का-लड़की



**ग्वालियर।** ग्वालियर के त्त्रक्क पुलिस ने रेलवे स्टेशन से एक प्रेमी जोड़े को पकड़ा है। लड़का-लड़की बीते 5 साल से एक दूसरे से प्यार करते हैं और शादी करना चाहते हैं। दोनों की जाति उनको एक होने से रोक रही हैं। पकड़े जाने की खबर मिलते ही उनके परिजन भी थाने पहुंच गए। परिजन दोनों को साथ ले जाने लगे, लेकिन प्रेमी जोड़ा एक दूसरे का हाथ थामकर थाने के गेट पर अड़ गए।

उनका कहना था कि उन्होंने जिंदगी भर साथ रहने की कसम खाई है। हम एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ेंगे, यदि जबरदस्ती घर भेजा गया तो अपनी जान दे देंगे। प्रेमी युगल ने थाने पहुंचे मां-बाप को देख उन्हें वापस लौटा दिया। प्रेमी युगल की एक ही रट है कि वह बालिग है और अपनी जिंदगी का फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं। GRP थाना TI बलराम यादव ने बताया कि गुरुवार रात GRP के जवान जब स्टेशन पर गश्त कर रहे थे, उसी दौरान उन्हें एक जोड़ा दिखाई दिया। दोनों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। पूछताछ में उनकी पहचान गौरव शर्मा (25) निवासी चंदन नगर व नीना (22) (बदला हुआ नाम) निवासी किला गेट के रूप में हुई है। गौरव ने बताया कि उनका पांच साल से अफेयर चल रहा है, लेकिन दोनों की शादी में जाति बाधा बनी हुई है। युवक ने बताया कि हम पड़ोसी हैं और जब हमने एक दूसरे को पसंद किया तो जाति देखकर नहीं, बल्कि एक दूसरे के प्रति समर्पण देखकर किया है तो अब जाति क्यों बाधा बनी हुई है? हमने एक दूसरे से सच्चा प्यार किया है, इसलिए हम जिंदगी भर साथ रहेंगे। दोनों का बालिग होने के कारण त्त्रक्क पुलिस ने प्रेमी युगल के परिजन को शुक्रवार को थाने बुलवाया था। थाने पहुंचे परिजन को देख प्रेमी युगल ने उनके साथ रहने से इनकार कर दिया। प्रेमी जोड़ा परिवार के साथ जाने को तैयार नहीं है। जान को भी खतरा बता रहे हैं। परिवार वाले शादी करने को तैयार नहीं हैं। पुलिस उनको थाने में रख नहीं सकती, इसलिए अब पुलिस के सामने भी समस्या खड़ी हो गई है। हालांकि, पुलिस ने उनको कहीं भी जाने के लिए स्वतंत्र कर दिया है।

# बाढ़ राहत पर भाजपा स्वयं अपनी पीठ ठोंक रही हैः यदुनाथ सिंह तोमर

### आरोप : पिछड़ वर्ग के नाम पर सियासत कर रही है शिवराज सरकार

ग्वालियर । प्रदेश की शिवराज सरकार पर ?निशाना साधते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रदेश महामंत्री यदुनाथ सिंह तोमर ने कहा है ?कि भाजपा सरकार पिछड़ा वर्ग के नाम पर सिर्फ सियासत कर रही है। 15 साल बीजेपी की सरकार रही, उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने 56 प्रतिशत आबादी को उनका हक क्यों नहीं दिया। कांग्रेस की सरकार आने पर 27 प्रतिशत आरक्षण दिया और पांच साल सरकार रहती तो सुनिश्चित करते कि उन्हें इसका लाभ मिले।



प्रदेश महामंत्री यदुनाथ सिंह तोमर ने शुक्रवार को जारी एक ब्यान में कहा कि ग्वालियर और चम्बल संभाग में कुछ दिन पहले आई भीषण बाढ़ से हजारों लोग प्रभावित हुए , फसलें खराब हो गई । बावजूद इसके बीजेपी सरकार सिर्फ कागजों में राहत बाँट रही है ।और उनके बड़े नेता सिर्फ फोटो सेशन करा कर पीड़ितों की आँखों में धूल झोंक रहे हैं।ग्वालियर -चम्बल अंचल में ज्यादातर बाढ़ पीड़ित अभी भी टेंटों में गुजर -बसर करने को मजबूर है।बाढ़ में अपना सब कुछ खो चुके लोगों को कोई राहत नहीं मिली। दूसरी तरफ प्रदेश के 14 जिलों में सूखे के हालात है बन गए हैं ,इन जिलों में शिवराज सरकार ने अभी तक सर्वे का कार्य शुरू भी नहीं किया है ।

#### भाजपा की नीतियां जनता के विरुद्ध

श्री तोमर ने कहा कि मध्य प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार ने बाढ़ से निपटने की दिशा में कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई। बारिश के पहले बंधों की मरम्मत और आपदा राहत का बंदरबांट हो गया। जिसके कारण बाढ़ की विभीषिका ने विकराल रूप ले लिया । आज इतने दिन बीत जाने के बाद भी बाढ़ से प्रभावित परिवारों को ,प्रदेश सरकार राहत के नाम पर सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ा रही है। हवा-हवाई बयानों से भाजपा स्वयं अपनी पीठ ठोंक रही है।मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने अच्छे दिनों के नाम पर जनता के साथ धोखा किया है। भाजपा की नीतियां जनता के विरुद्ध है। संकट के समय भाजपा गायब हो जाती है।

#### -पिछड़ वर्ग के नाम पर सियासत कर रही है सरकार

श्री तोमर ने आरोप लगाया कि सरकार पिछड़ा वर्ग के नाम पर सिर्फ सियासत कर रही है। 15 साल भाजपा की सरकार रही, उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने 56 प्रतिशत आबादी को उनका हक क्यों नहीं दिया। कांग्रेस की सरकार आने पर 27 प्रतिशत आरक्षण दिया और पांच साल सरकार रहती तो सुनिश्चित करते कि उन्हें इसका लाभ मिले।

# किराए का कमरा दिखाने के बहाने महिला से चार लोगों ने की ज्यादती की कोशिश



**ग्वालियर।** किराए का कमरा दिखाने के बहाने एक महिला को बाइक सवार युवक अपने साथ ले गए। मुरार के सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ ज्यादती की कोशिश की। महिला भागकर सड़क पर पहुंची और खुद को बचाया। फिर वह अपने घर पहुंची फिर रात में मुरार थाने में अज्ञात चार युवकों पर केस दर्ज कराया। मुरार थाना प्रभारी शैलेंद्र भार्गव ने बताया कि 39 वर्षीय महिला मूल रूप से दतिया की रहने वाली है। वह मुरार के अशोक विहार कॉलोनी में किराए से रहती है। उसे दूसरा मकान किराए पर चाहिए था, इसके चलते सीपी कॉलोनी में मकान ढूंढ रही थी। इसी दौरान अनजान नंबर से उसके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि उसे एक दुकानदार से उसका नंबर मिला है। मुरार स्थित गौशाला के पास एक कमरा खाली है, वह उसे मिल जाएगा। महिला को कॉल कर युवक ने बुला लिया। बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। इनके साथ बैठकर महिला कमरा देखने के लिए चली गई। यह लोग गौशाला के पास सुनसान इलाके में लेकर महिला को पहुंचे। यहां पहले से दो युवक मौजूद थे। चारों ने मिलकर महिला के साथ ज्यादती की कोशिश की। महिला जैसे-तैसे वहां से भाग पायी।

# विद्यार्थी स्वयं के साथ दूसरों को भी आत्मनिर्भर बनायें : राज्यपाल मंगुभाई पटेल

### जीवाजी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित, कुल 555 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल और उपाधियां प्रदान की गईं

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में हमारा देश पहले भी विश्व गुरू का स्थान रखता था। अगर हमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने देश की प्रतिष्ठा को फिर से वापस लाना है तो युवाओं के कौशल, प्रतिभा व ऊर्जा के समन्वित उपयोग के साथ-साथ देश के मौलिक ज्ञान, परंपराओं और क्षमताओं का भरपूर इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा कि जीवाजी विश्वविद्यालय पिछडी एवं अन्य जनजातियों के उत्थान के लिये ट्राइबल चेयर की स्थापना करे।

राज्यपाल मंगूभाई पटेल आज जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के दीक्षांत समारोह में अध्यक्षीय संबोधन दे रहे थे। राज्यपाल मंगूभाई ने विद्यार्थियों से आहवान किया कि वह स्वयं आत्म निर्भर बनें और दूसरों को भी आत्म निर्भर बनाने में मदद करें। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र यह भी संकल्प लें कि भारत माता के लिये हम स्वदेशी अपनाकर अपने देश को आत्मनिर्भर बनायेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने






कहा कि प्राचीनकाल में भारत में तक्षशिला एवं नालंदा जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान थे, जिनमें दुनियाभर के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते थे। पर अब हमारे देश के विद्यार्थी विदेश में शिक्षा प्राप्त करने जाते हैं। देश के शैक्षणिक वैभव को फिर से हासिल करने के लिये हमें समन्वित प्रयास करने होंगे। पटेल ने इस अवसर पर यह भी कहा कि दीक्षांत समारोह भारत की प्राचीन परंपरा है। प्राचीनकाल में शिक्षा पूर्ण होने पर वैदिक सूक्तों के पाठ द्वारा देवताओं का आह्वान कर विद्यार्थियों को अंतिम उपदेश अर्थात दीक्षांत उपदेश दिया जाता था। राज्यपाल पटेल ने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि आप सबने अपनी तपस्या से ज्ञान का जो दीपक जलाया है, इससे आपको सत्य-असत्य, शिव-अशिव, सुंदर-असुंदर के बीच का अंतर समझ में आयेगा। उन्होने कहा कि आप सबकी भावी जिंदगी की राह आसान होगी। उन्होंने कहा भारतीय संदर्भो में यह उपदेश सर्वदा से प्रासंगिक है कि यदि हम सच्चे मन से ज्ञान को आत्मसात करें, तो जीवन में सफलता तय है। उन्होंने कहा कि आज का दिन आप सबके लिये जितना महत्वपूर्ण है उतना ही उन शिक्षकों व अभिभावकों के लिये भी है जिन्होंने आपके जीवन को उज्ज्वल बनाने में योगदान दिया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा पिछडी एवं जनजातियों के कल्याण के लिये किए जा रहे प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही कहा कि इन वर्गों के शैक्षणिक उत्थान के लिये विश्वविद्यालय में ट्रायबल चेयर की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में हो रहे पर्यावरण संरक्षणए सामाजिक सरोकारए टीकाकरण में सहयोग, आयुर्वेदिक परंपराओं का प्रसार, शोध अनुसंधान और 22 टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स तैयार करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जीवाजी विश्वविद्यालय की स्थापना में योगदान देने के लिये महाराज जीवाजीराव सिंधिया का स्मरण भी किया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478